संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 174 रविवार 27 अप्रैल 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### दोषी को डबल फांसी की सजा



#### बच्ची से रेप और हत्या के मामले में कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**आणंद,26 अप्रैल 2025(ए)।** गुजरात के आणंद जिले में स्थित खंभात के एक गांव में अक्टूबर 2019 में 7 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी गला घोंटकर हत्या करने के मामले में खंभात सत्र न्यायालय ने दोषी अर्जुन उर्फ दादो गोहेल को पॉक्सो एक्ट के तहत हत्या का दोषी करार देते हुए डबल फांसी की सजा सुनाई है। पॉक्सो और हत्या के मामले में आरोपी अर्जुन गोहेल को डबल फांसी की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही गुजरात में यह पहली घटना हो गई है, जहां किसी आरोपी को डबल फांसी की सजा सुनाई गई है। उसके बाद आरोपी को अब फांसी से बचने के लिए पॉक्सो और हत्या के अलग-अलग मामलों में अपील दायर करनी होगी।

### इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन का बेंगलुरु में निधन,पीएम मोदी ने जताया दुख



**नई दिल्ली/बेंगलुरु,26 अप्रैल 2025(ए)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। 84 वर्षीय कस्तूरीरंगन लंबे समय से बीमार चल रहे थे. उनका अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा। उनके निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने भी दुख व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा है कि मैं भारत की वैज्ञानिक और शैक्षिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति डॉ. के. कस्तूरीरंगन के निधन से बहुत दुखी हूं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

### पटाखा फैक्ट्री में बड़ा धमाका



#### कई लोगों के चिथड़े उड़े,मची अफरातफरी

**सहारनपुर,26अप्रैल 2025(ए)।** सहारनपुर के देवबंद में आज सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके में कई लोगों के चिथड़े उड़ गए। धमाका इतना भीषण रहा कि आसपास के गांवों तक उसकी आवाज सुनी गई। इसके बाद ग्रामीण एकत्र हो गए और उन्होंने साजिश के तहत धमाके किए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्य राज्यमार्ग जाम कर दिया। सूचना पर डीएम मनीष बंसल और एसएसपी रोहित सिंह सजवाण पहुंचे, जिनका ग्रामीणों ने घेराव कर दिया। फिलहाल प्रशासन ने तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है।

### पीजी के स्टूडेंट्स के लिए संविधान की पढ़ाई अनिवार्य




#### उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

**भोपाल,26अप्रैल 2025(ए)।** विपक्ष के संविधान बचाओ अभियान के बीच सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। उच्च शिक्षा विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर स्नातकोत्तर (पीजी) के सभी पाठ्यक्रमों में संविधान, मानवीय मूल्य और नैतिक शिक्षा की पढ़ाई अनिवार्य कर दी है। नई अधिसूचना के बाद विज्ञान, गणित और वाणिज्य संकाय वालों को भी संविधान का पाठ पढ़ना होगा। संविधान, मानवीय मूल्य और नैतिक शिक्षा को वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम के तौर पर एक अलग प्रश्न पत्र में शामिल किया जा रहा है।

# भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान की निकली हेकड़ी

## भारत के तेवर से डरा आतंकी संगठन बोला-पहलगाम हमले में हमारा हाथ नहीं...

**नई दिल्ली,26 अप्रैल 2025(ए)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम अटैक की हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हर बार आरोप लगते हैं और यह बर्दाश्त नहीं है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जांच की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर पाकिस्तान की फौज ने लगातार दूसरे दिन एलओसी पर गोली बारी की। भारतीय फौज ने इसका जवाब दिया। नुकसान की खबर नहीं हैं। इस बीच, जम्मू-कश्मीर में अब तक 6 आतंकवादियों के घर गिराए जा चुके हैं। सेना ने त्राल, अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां में सर्च ऑपरेशन के दौरान यह एक्शन लिया। द कश्मीर रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम हमले के 3 दिन बाद अटैक की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है। हमले के बाद सबसे पहले टीआरएफ ने ही इसकी जिम्मेदारी ली थी। गुजरात में शनिवार सुबह 1000 से ज्यादा घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सूरत और अहमदाबाद में घुसपैठियों पर कार्रवाई की। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्रियों से अपील की थी कि घुसपैठियों की जल्द से जल्द पहचान करें और उन्हें वापस उनके देश भेजें।

#### आतंकियों का ठिकाना तबाह किया...

सुरक्षाबलों ने मच्छिल सेक्टर के मुश्ताकाबाद इलाके के सेदोरी नाले के घने जंगलों में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को एक संदिग्ध जगह पर छुपाया गया हथियारों का जखीरा मिला। बरामद सामान में 5 एके-47 राइफलें, 8 एके-47 मैगजीन, 660 राउंड एके-47 गोलियां, एक पिस्टल,एक पिस्टल मैगजीन, एक पिस्टल की गोली,और 50 राउंड एम रायफल की गोलियां शामिल हैं। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश में हैं कि यह ठिकाना कब और किस आतंकी संगठन द्वारा तैयार किया गया था।



### पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने माना. आतंकियों का समर्थन बड़ी गलती,अमेरिका के कहने पर 30 साल से यह गंदा काम कर रहे थे...

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने ब्रिटिश न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में माना है कि उनका देश पिछले 30 साल से आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ब्रिटिश एंकर यल्दा हकीम ने उनसे सवाल पूछा था कि क्या पाकिस्तान आतंकी गुटों की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है, इस पर उन्होंने कहा कि वैश्विक शक्तियों ने अपने हितों के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया। ख्वाजा आसिफ ने यह भी माना कि आतंकियों का समर्थन करना या ट्रेनिंग देना बड़ी गलती थी, हम इसकी सजा भुगत रहे हैं, उन्होंने कहा अगर हम सोवियत यूनियन के खिलाफ जंग में शामिल नहीं होते और 9/11 के हमलों के बाद जो हालात बने, वो न बनते तो पाकिस्तान का रिकॉर्ड बेदाग होता।



### सूरत और अहमदाबाद में 500 से ज्यादा विदेशी गिरफ्तार,इनमें 100 से ज्यादा बांग्लादेशी

पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशभर में पुलिस, इंडियन आर्मी और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हैं। संदेह होते ही विदेशियों को दबोचा जा रहा है। पुलिस, क्राइम ब्रांच, एसओजी, ईओडब्ल्यू ने शनिवार 26 अप्रैल को गुजरात के सूरत और अहमदाबाद में बड़ी कार्रवाई की है। 6 टीमों ने भारत में अवैध रूप से रहने वाले 500 से ज्यादा विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए लोगों में 100 से ज्यादा बांग्लादेशी हैं। सभी के दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

#### लंदन में भारतीय प्रदर्शनकारियों को धमकाया

पहलगाम हमले को लेकर लंदन में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन कर रहे भारतीयों को एक सीनियर पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी ने धमकाने की कोशिश की। इस अधिकारी ने हाथ से गला रेतने का एक्शन किया और फिर मुस्करा दिया। इतना ही नहीं, इस अधिकारी ने अपने हाथों में भारतीय एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान का पोस्टर पकड़ा हुआ था, जिन्हें फरवरी 2019 में पाकिस्तानी सेना ने बंदी बना लिया था। इस पोस्टर पर लिखा था- चाय इज फैन्टास्टिक। यानी चाय कमाल की है।

**पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी ने**

### भारत-पाकिस्तान में होने वाला है युद्ध? मोदी सरकार ने मीडिया चैनलों के लिए जारी की एडवाइजरी,दिया ये निर्देश

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम अटैक की हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हर बार आरोप लगते हैं और यह बर्दाश्त नहीं है।



#### सरकार की अपील- आर्मी मूवमेंट की कवरेज न करें

सरकार ने सभी मीडिया हाउस से अपील की है कि डिफेंस ऑपरेशन और फोर्स के मूवमेंट की कवरेज न करें। पहलगाम हमले को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के मद्देनजर केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। यह एडवाइजरी राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करें। मंत्रालय ने कहा है, राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करें।

### 6 आतंकवादियों के घर ब्लास्ट से गिराए



पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई की. जम्मू-कश्मीर में 6 आतंकवादियों के घर ब्लास्ट से गिराए गए है. लश्कर आतंकी आसिफ शेख, आदिल ठोकेर,हारिस अहमद के घर पर कार्रवाई की गई. जैश के आतंकी अहसान उल हक,जाकिर अहमद गनई और शाहिद अहमद कुटे शामिल है.
पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम अटैक की हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार हैं।


### पाकिस्तान से आया नया वीडियो, सीमा हैदर के पति गुलाम ने कही ये बात

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ने का आदेश दिया है. इस आदेश के बाद सीमा हैदर को लेकर भी चर्चा शुरू हो चुकी है। लोग ये जानना चाह रहे हैं कि क्या सीमा हैदर को भी पाकिस्तान वापस भेजा जाएगा? तो वहीं, पाकिस्तान में रह रहे सीमा हैदर के पहले पति का भी इस बीच एक वीडियो सामने आया है। सीमा हैदर के पहले पति गुलाम हैदर ने वीडियो में कहा- मैं तो आज भी बस यही कहना चाहता हूं कि सीमा को वापस पाकिस्तान भेजा जाए। मैं पिछले दो साल से अपने बच्चों के लिए तरस गया हूं। भारत सरकार मेरे बच्चों को भी वापस पाकिस्तान भेजे। सीमा को अगर पाकिस्तान नहीं भेज सकते तो वहीं पर उसे सजा दो। उसकी मदद जो कर रहा है, उसका मुंह बोला भाई एपी सिंह सिंह,उसे तो शर्म आनी चाहिए.गुलाम हैदर ने कहा- वकील एपी सिंह पर तो लानत है। उसके अंदर इंसानियत ही मर चुकी है। वो इंसान कहलाने लायक ही नहीं है। सीमा तो उससे भी बड़ी बेशर्म है। सचिन और नेत्रपाल, जिनसे मेरे बच्चों का खून का रिश्ता भी नहीं है, वो उनके साथ हैं. जबकि, मेरा मेरे बच्चों से खून का रिश्ता है और मैं ही मेरे बच्चों से दूर हूं। हालांकि, पहलगाम हमले का इस वीडियो में गुलाम हैदर ने कोई जिक्र नहीं किया। वो अमूमन हर वीडियो में बस अपने बच्चों को वापस पाने की ही गुहार लगाता है। इसी वीडियो में गुलाम ने चप्पल उतारकर दिखाते हुए कहा- इसी से सीमा और एपी सिंह को मैं खूब पीटूंगा अगर वो एक बार मेरे सामने आ गए तो।



# भारतीय सेना के स्पेशल फंड को लेकर नहीं हुई कोई कैबिनेट मीटिंग

**नई दिल्ली,26अप्रैल 2025(ए)।** सोशल मीडिया पर एक बैंक खाते की जानकारी तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें लोगों से प्रतिदिन एक रुपये दान करने की अपील की जा रही है। दावा किया जा रहा है कि बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार के सुझाव पर मोदी सरकार ने हाल ही में कैबिनेट बैठक में भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और युद्ध में घायल या शहीद सैनिकों की मदद के लिए यह खाता खोला है, जबकि सच्चाई यह है कि हाल-फिलहाल ऐसी कोई कैबिनेट मीटिंग नहीं हुई है और न ही ऐसा कोई फैसला किया गया है।




वायरल पोस्ट में यह भी कहा गया है कि इस फंड का उपयोग सेना और अर्धसैनिक बलों के लिए हथियार खरीदने में किया जाएगा।

#### वायरल पोस्ट में क्या है?

वायरल पोस्ट में लिखा गया है, सुपरस्टार अक्षय कुमार के सुझाव पर मोदी सरकार का एक और अच्छा फैसला- केवल एक रुपये प्रतिदिन, वह भी भारतीय सेना के लिए। मोदी सरकार ने कल कैबिनेट बैठक में भारतीय सेना और युद्ध क्षेत्र में घायल या शहीद सैनिकों के लिए एक बैंक खाता खोला। हर भारतीय अपनी इच्छानुसार राशि दान कर सकता है, जो 1 रुपये से शुरू होकर असीमित है। इस पैसे से सेना और अर्धसैनिक बलों के लिए हथियार भी खरीदे जाएंगे।

# अत्याचारियों को मारना भी धर्म ही है...

**नई दिल्ली,26अप्रैल 2025(ए)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के कुछ दिन बीतने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी कि आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हिंदू धर्म के स्वरूप और अहिंसा के सिद्धांत पर शनिवार को एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अहिंसा हिंदू धर्म का मूल है, लेकिन अत्याचारियों को दंडित करना भी धर्म का हिस्सा है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने हिंदू समाज से अपने धर्म को काल के अनुसार समझने और शास्त्रार्थ की परंपरा को अपनाने की अपील की।



## बिलावल भुट्टो अपनी मानसिक स्थिति की जांच कराएं

**नई दिल्ली,26अप्रैल 2025(ए)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम जिले में बीते दिनों आतंकवादियों ने पर्यटन स्थल पर गोलीबारी की। इस हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद भारत सरकार ने एक्शन लेते हुए सिंधु जल समझौते को रद्द कर दिया है। इस मामले पर बीते दिनों पाकिस्तान के पीपुल्स पार्टी के चेयरमैन बिलावल भुट्टों जरदारी ने विवादित बयान दिया था। बिलावल भुट्टो के बयान पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। हरदीप सिंह पुरी ने कहा, ÷उनसे कहिए कि अपनी मानसिक स्थिति की जांच कराएं। वे किस तरह के बयान दे रहे हैं। बहुत हो गया, अब हम यह सब बर्दाश्त नहीं करेंगे अब कुछ दिन इंतजार करें।



#### क्या बोले थे बिलावल भुट्टो?

पाकिस्तान के राजनेता बिलावल भुट्टो ने भारत को खुली धमकी दी है। बिलावल ने कहा- सिंधु दरिया में या तो अब पानी बहेगा, या उनका खून बहेगा। सिंधु दरिया हमारा है और हमारा ही रहेगा। बिलावल भुट्टो इससे पहले भी कई बार अपने बड़बोले बयान के लिए चर्चा में रहे थे। इधर भारत सरकार ने साफ कर दिया है कि जब तक पाकिस्तान आतंक पर लगाम नहीं लगाता तब तक उसके खिलाफ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। बता दें कि पहलगाम में बीते दिनों हुए आतंकवादी हमले के बाद से ही भारत सरकार एक्शन मोड में हैं।




## गोवा में 1000 करोड़ के लैंड स्कैम का पर्दाफाश

#### ईडी ने कई जगहों पर की छापामारी

**पणजी,26अप्रैल 2025(ए)।** ईडी ने गोवा में एक हजार करोड़ के एक बड़े भूमि घोटाले का पर्दाफाश किया है। जांच एजेंसी ने प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों में ज्यादा मूल्य की जमीनों का कथित रूप से धोखाधड़ी से हस्तांतरण करने के मामले में गुरुवार और शुक्रवार को कई स्थानों पर छापेमारी की। रोहन हरमलकर को इस घोटाले का मुख्य मास्टरमाइंड बताया गया है। हरमलकर और उसके अन्य सहयोगियों ने वैध मालिकों की जमीन को नकली दस्तावेज बनाकर, राजस्व रिकॉर्ड से छेड़छाड़ तथा अन्य धोखाधड़ी कर अवैध रूप से हड़प लिया। हरमलकर ने 2022 के गोवा विधानसभा चुनाव में कुम्भरजुआ निर्वाचन क्षेत्र से एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, ये संपत्तियां मूल रूप से व्यक्तिगत और पारिवारिक संपत्तियां थीं, लेकिन उन्हें उनकी सहमति के बिना अवैध रूप से बेच दिया गया।



## एक्सप्रेसवे पर सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को पिकअप ने मारी टक्कर

#### 6 की मौत,5 घायल

**नूंह,26 अप्रैल 2025(ए)।** हरियाणा के मेवात जिले में स्थित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के अंतर्गत इब्राहिमबास गांव के पास यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब सफाई कार्य में लगे करीब 11 कर्मचारी एक्सप्रेसवे की साफ-सफाई कर रहे थे। सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने अचानक आकर सफाई कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही 6 कर्मचारियों की मौत हो गई और 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

# संपादकीय

## सभी की नजर बिहार पर

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखें जैसे-जैसे करीब आ रही हैं, वहां के विभिन्न जाति समूह,हित समूह अपनी शक्तियों का अधिकतम उपयोग करने के लिए अपने को फिर से स्थापित करने लगे हैं।2024 के लोक सभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को जो खरोंच लगी थी,उसकी भरपाई हरियाणा,महाराष्ट्र के बाद दिल्ली विधानसभा के चुनाव में हो गई। अब सभी की नजर बिहार पर है जहां इस वर्ष विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। भाजपा एनडीए का प्रमुख घटक दल है। बिहार में वह पिछले दो दशकों से जनता दल (यू) की जूनियर पार्टनर के रूप में काम करती रही है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार वह ड्राइविंग सीट पर रहना चाहती है। भले ही चुनाव आयोग ने अभी बिहार में चुनाव की घोषणा नहीं की है,लेकिन राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है। दिल्ली में महागठबंधन के घटक दल राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेताओं की मुलाकात हुई। उधर, पिछले महीने गृह मंत्री अमित शाह का दो दिवसीय बिहार दौरा हुआ था। इस महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार जाने वाले हैं। राजनीतिक दलों और गठबंधनों की सक्रियता के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (पारस) एनडीए से अलग हो गई। इस राजनीतिक घटनाक्रम का बिहार विधानसभा चुनाव पर क्या असर पड़ेगा अभी कहना मुश्किल है, लेकिन इतना कयास अवश्य लगाया जा रहा है कि बिहार की राजनीति में यह लहरें पैदा कर सकता है। लोगों को याद होगा कि राम विलास पासवान के निधन के बाद उनके भाई पशुपति पारस ने शतरंज की ऐसी बिसात बिछाई थी जिसमें चिराग पासवान उलझ गए थे। पार्टी के सभी सांसद चिराग से अलग हो गए थे। लेकिन देश की राजनीति में हाशिये पर चले गए चिराग 2024 के लोक सभा चुनाव के बाद एक नई ताकत के रूप में उभरे हैं। भाजपा ने चिराग के गुट को लोक सभा की 5 सीटें दीं और पांचों प्रत्याशी चुनाव जीत गए। अब सवाल उठता है कि क्या राष्ट्रीय जनता दल के इशारे पर पशुपति पारस एनडीए से अलग हो गए। जाहिर है कि एनडीए में वह पूरी तरह अलग-थलग पड़ गए थे। राजद,कांग्रेस और वामदलों के महागठबंधन में ऐसे दलित चेहरे की आवश्यकता है जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान रखता है। इस मायने में पशुपति पारस उपयुक्त नेता हो सकते हैं। अब देखना है कि आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति में किस तरह की उथल-पुथल मचती है।

# पश्चिम बंगाल संपूर्ण देश के लिए डरावना प्रश्न बना

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से लेकर मध्य प्रदेश का गुना और इसके पहले नागपुर, मलाड आदि की घटनाओं में लगातार दिख रहे यथार्थ को पहचान कर उसके अनुरूप व्यवहार तय करने का समय है।मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठ कर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी। मालदा के पारलालपुर हाई स्कूल में शरण लिए लगभग 500 लोगों की तस्वीरें एवं वक्तव्य देश के सामने हैं। इनमें तीन दिन के नवजात से लेकर महिलाएं,बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी गई, मारपीट की गई, अब न घर रहा, न खाने को राशन बचा। जो कुछ था,वे सब लूट कर ले गए। धुलियान में एक गरीब पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई जो हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। लोग कह रहे हैं कि उनकी पानी की टंकी में जहर मिला दिया गया। इसमें कितनी सच्चाई है। अभी तक तो ममता बनर्जी सरकार को टंकियां जांच करके बता देना चाहिए था। नहीं बताने का मतलब? कई तालाबों में मछलियों सहित अन्य जीव मरे पाए गए यानी हमलावर घोषणा कर रहे थे कि सारे पानी में जहर मिला देंगे तो संभवतः उन्होंने तालाब में ऐसा किया। टीवी कैमरों के माध्यम से देश ने वहां की हिंसा देखी।इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भी अलग-अलग क्षेत्र में हिंसा हो रही है। शमशेरगंज सहित कई स्थानों में बीएसएफ की टीम पर गोलीबारी की गई। बीएसएफ कई घरों में जमा किए पत्थर हटा रही है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के कारण केंद्रीय सुरक्षा बलों की 17 कंपनियां तैनात की गई वरना पश्चिम बंगाल पुलिस के रहते क्या हो रहा था और क्या होता, कल्पना करने भर से ही




रोंगटे खड़े हो जाते हैं। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भले आप आलोचना करिए और उनके विरोधी हों। इन विकट परिस्थितियों में हिन्दू समाज के साथ इनके अलावा कोई खड़ा नहीं दिखता। अन्य पार्टियों की स्थानीय इकाइयां सच देखती हैं, भूमिका निभाता भी चाहती हैं, लेकिन प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व के दबाव में नहीं करतीं। स्थानीय भाजपा के कई नेताओं ने प्रदेश में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम या अफस्पा लागू करने की मांग की है। आपको भले नागवार गुजरे किंतु पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखिए और निष्कर्ष निकालिए कि वहां क्या किया जाना चाहिए?किसी का वक्फ संशोधन कानून से विरोध है तो उसका तरीका हिन्दुओं पर हमला कैसे सकता है? वैसे तो वक्फ के कानून में ऐसा कुछ नहीं है, जिसे मुसलमान या इस्लाम के विरुद्ध साबित किया जा रहा है। इस तरह का जहर फैलाने वाले वास्तव में स्वयं मुस्लिम समाज के दुश्मन हैं। बावजूद अगर आपको विरोध करना ही है तो इसके लिए हिन्दुओं के घरों पर हमले करने, धर्मस्थलों को क्षतिग्रस्त करने, हत्याएं करने,दुकान-घर जलाने आदि की क्या आवश्यकता है? ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशव्यापी विरोध का आह्वान किया था। क्या हिंसा के लिए उसे दोषी नहीं माना जाना चाहिए? हमलावरों की तैयारी कितनी थी, इसका अनुमान इसी से लगाइए कि पलायित लोग बता रहे हैं कि वे गैस सिलेंडरों को खोल कर दियासलाई से आग लगा रहे थे और पेट्रोल डाल रहे थे। आगजनी, पत्थरबाजी और गोली चलाने के लिए पहले की तैयारी चाहिए। गुना में हनुमान जयंती की शोभा यात्रा पर जितनी भारी संख्या में पत्थर चले और आगजनी हुई उसकी तैयारी एकाएक संभव नहीं। इसी तरह हजारीबाग में हुआ। लंबे समय से हम देख रहे हैं कि हिन्दुओं से जुड़े उत्सवों,शोभा यात्राओं, प्रतिमा विसर्जनों आदि पर इसी तरह पत्थरों से हमले होते हैं। फिर अग्निकांड होता है। इससे भी डरावना सच यह है कि कोई बड़ा मुस्लिम नेता या संगठन हिंसा के विरुद्ध मुखर होकर सामने नहीं आता। दूसरे पक्ष को ही दोषी ठहराने का अभियान चलता है, और कहा जाता है कि हमले उनके उकसाने पर हुए। किसी के उकसाने पर हजारों-लाखों की संख्या में पत्थर, पेट्रोल बम पैदा हो सकते हैं।मुर्शिदाबाद पर बंगाल की ममता सरकार में मंत्री सिद्धीकुल्ला चौधरी कह रहे हैं कि हिंसा में बाहरी और भाजपा के लोग शामिल थे,वे बीएसएफ की गोली से मारे गए। जंगीपुर के स्थानीय तृणमूल सांसद खलीलुर रहमान का बयान भी यही है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष का वक्तव्य है कि एक राजनीतिक दल ने बाहर से अपराधियों को लाकर बीएसएफ के सहयोग से मुर्शिदाबाद में तांडव मचाया है। ममता सरकार और उनकी पार्टी का स्टैंड यही है तो आप उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं। यह पहली बार नहीं है। पिछले वर्ष लगभग इसी समय वर्धमान जिले में बम विस्फोट की जांच करने गई एनआईए टीम पर हमले हुए। विस्फोट बम बनाने के दौरान हुआ और मरने वाले तीनों तृणमूल कांग्रेस के थे। जाहिर है इसमें किसके गले तक हाथ पहुंचता है। चाहे शाहजहां शेख पर कार्रवाई करने गई टीम हो या अन्य जगह वहां हमेशा बड़ी संख्या में उन्हें हिंसक विरोध का सामना करना पड़ता है, खदेड़ा जाता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर पूरी सरकार,पार्टी हमला बोल शैली में साथ खड़ी होती है। जब सरकार और पुलिस प्रशासन का भय नहीं हो तो कट्टरवादी तत्व ऐसे ही उन्माद फैलाते हैं।तो सच को सच की तरह देखिए। पश्चिम बंगाल संपूर्ण देश के लिए ऐसा डरावना प्रश्न बना हुआ है, जिसका अभी तक उत्तर नहीं मिला है। उनके संदर्भ में हिन्दू संगठनों, सरकारों तथा पार्टियों को नये सिरे से अपनी रणनीति और व्यवहार तय करना होगा। मुस्लिम समुदाय के अंदर भी उदारवादी तबके को उनके विरुद्ध खुल कर सामने आना चाहिए। यह देश बचाने का प्रश्न है। जो समाज अपनी आत्मरक्षा और प्रतिरोध की शक्ति खो देता है, उसकी कोई रक्षा नहीं कर सकता।इस समय हिन्दू समाज संविधान के तहत हिंसा या गलत के प्रतिरोध के अंधकार तक का इस्तेमाल करने का साहस नहीं दिखा रहा। न्यायालय की स्थिति यह है कि 2021 में हिन्दुओं के पलायन का मामला उच्चतम न्यायालय में आया और सुनवाई के दौरान एक बंगाली न्यायमूर्ति ने पहले अपने को अलग किया। फिर सुनवाई आरंभ हुई और एक और बंगाली जज साहब ने स्वयं को अलग कर लिया। इस कारण वह बाधित रही। वैसे भी न्यायालय ऐसी बढ़ती या स्थाई हो चुकीं प्रवृत्तियों का समाधान नहीं कर सकते।

**-अवधेश कुमार-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता झीलें,झरने और धार्मिक मंदिर





डॉ. मुश्ताक अहमद शाह
हरदा,मध्य प्रदेश

पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता वास्तव में अद्वितीय है।पचमढ़ी मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है। यह हिल स्टेशन सतपुड़ा पर्वतमाला की गोद में बसा हुआ है, और इसकी ऊंचाई समुद्र तल से लगभग 1067 मीटर है।

पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता।

पचमढ़ी में कई झीलें और झरने हैं, जो इसकी प्राकृतिक सुंदरता को और भी बढ़ाते हैं।

पचमढ़ी के आसपास के वनस्पति और जीव-जन्तु बहुत विविध हैं, जिसमें कई दुर्लभ प्रजातियाँ शामिल हैं। पचमढ़ी से पहाड़ी दृश्य बहुत ही मनोरम है, जिसमें हरे-भरे वन और पहाड़ी चोटियाँ शामिल हैं।पचमढ़ी के प्रमुख आकर्षण।

बी फॉल पचमढ़ी का सबसे प्रसिद्ध झरना है,जो अपनी सुंदरता और शांति के लिए प्रसिद्ध है। पांडव गुफा एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जो महाभारत के पांडवों से जुड़ी हुई है।

जटाशंकर मंदिर एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जो भगवान शिव को समर्पित है।

पचमढ़ी एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है।पचमढ़ी में कई धार्मिक स्थल हैं, जो इसकी सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाते हैं। पचमढ़ी के आसपास के वनस्पति और जीव-जन्तु का संरक्षण करना बहुत महत्वपूर्ण है,जो इसकी प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने में मदद करता है। पचमढ़ी एक प्राकृतिक और सांस्कृतिक खजाना है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है। यह एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी झीलें, झरने, वनस्पति और जीव-जन्तु के लिए प्रसिद्ध है।

## कहानी:औरत की चाह



विजय गर्ग
चांद मलोट
पंजाब



रोज-रोज देर से आ कर सोने भी नहीं देता। अब शादी कर ले, फिर तेरी घरवाली ही दरवाजा खोलेगी।आधी रात का गहरा सन्नाटा,दूर कहीं थोड़ी-थोड़ी देर में कुत्तों के भूंकने की आवाजें उस सन्नाटे को चीर रही थीं। ऐसे में भी सभी लोग नींद के आगोश में बेसुध सो रहे थे। अगर कोई जाग रहा था, तो वह शीला थी. उसे चाह कर भी नींद नहीं आ रही थी। पास में ही रवि सो रहे थे।

शीला को रह-रह कर रवि पर गुस्सा आ रहा था। वह जाग रही थी, मगर वे चादर तान कर सो रहे थे। रवि के साथ शीला की शादी के15 साल गुजर गए थे। वह एक बेटे और एक बेटी की मां बन चुकी थी। शादी के शुरुआती दिन भी क्या दिन थे। वे सर्द रातों में एक ही रजाई में एक-दूसरे से चिपक कर सोते थे। न किसी का डर था,न कोई कहने वाला। सच,उस समय तो नौजवान दिलों में खिंचाव हुआ करता था। शीला ने तब रवि के बारे में सुना था कि जब वे कुंआरे थे,तब आधी-आधी रात तक दोस्तों के साथ गपशप किया करते थे। तब रवि की मां हर रोज दरवाजा खोल कर डांटते हुए कहती थीं,रोज-रोज देर से आ कर सोने भी नहीं देता। अब शादी कर ले, फिर तेरी घरवाली ही दरवाजा खोलेगी। रवि जवाब देने के बजाय हंस कर मां को चिढ़ाया करते थे। जैसे ही रवि के साथ शीला की शादी हुई,दोस्तों से दोस्ती टूट गई। जैसे ही रात होती, रवि चले आते उस के पास और उस के शरीर के गुलाम बन जाते। भंवरे की तरह उस पर टूट पड़ते। उन दिनों वह भी तो फूल थी। मगर शादी के सालभर बाद जब बेटा हो गया,तब खिंचाव कम जरूर पड़ गया।

धीरे-धीरे शरीर का यह खिंचाव खत्म तो नहीं हुआ,मगर मन में एक अजीब सा डर समाया रहता था कि कहीं पास सोए बच्चे जाग न जाएं। बच्चे जब बड़े हो गए, तब वे अपनी दादी के पास सोने लगे। अब भी बच्चे दादी के पास ही सो रहे हैं,फिर भी रवि का शीला के प्रति वह खिंचाव नहीं रहा,जो पहले हुआ करता था। माना कि रवि उम्र के ढलते पायदान पर है,लेकिन आदमी की उम्र जब 40 साल की हो जाती है, तो वह बूढ़ा तो नहीं कहलाता है। बिस्तर पर पड़े-पड़े शीला सोच रही थी,इस रात में हम दोनों के बीच में कोई भी तो नहीं है, फिर भी इन की तरफ से हलचल क्यों नहीं होती है? मैं बिस्तर पर लेटी-लेटी छटपटा रही हूं,मगर ये जनाब तो मेरी इच्छा को समझ ही नहीं पा रहे हैं।

'उन दिनों जब मेरी इच्छा नहीं होती थी, तब ये जबरदस्ती किया करते थे। आज तो हम पति-पत्नी के बीच कोई दीवार नहीं है, फिर भी क्यों नहीं पास आते हैं?' कैसी दूरियां शीला ने सुन ही नहीं रखा है, बल्कि ऐसे भी तमाम उदाहरण देखे हैं कि जिस आदमी से औरत की ख्वाहिश पूरी नहीं होती है, तब वह औरत दूसरे मर्द के ऊपर डोरे डालती है और अपने खूबसूरत अंगों से उन्हें पिघला देती है। फिर रवि के भीतर का मर्द क्यों मर गया है? मगर शीला भी उन के पास जाने की हिम्मत क्यों नहीं कर पा रही है? वह क्यों उन की चादर में घुस नहीं जाती है? उन के बीच ऐसा कौन सा परदा है, जिस के पार वह नहीं जा सकती है?

तभी शीला ने कुछ ठाना और वह रवि की चादर में जबरदस्ती घुस गई। थोड़ी देर में उसे गरमाहट जरूर आ गई, मगर रवि अभी भी बेफिक्र हो कर सो रहे थे। वे इतनी गहरी नींद में हैं कि कोई चिंता ही नहीं। शीला ने धीरे से रवि को हिलाया। अधकचरी नींद में रवि बोले,''शीला, प्लीज सोने दो। मुझे नींद नहीं आ रही है, शीला शिकायत करते हुए बोली.''मुझे तो सोने दो। तुम सोने की कोशिश करो। नींद आ जाएगी तुम्हें,रवि नींद में ही बड़बड़ाते हुए बोले और करवट बदल कर फिर सो गए।

शीला ने उन्हें जगाने की कोशिश की,मगर वे नहीं जागे। फिर शीला गुस्से में अपनी चादर में आ कर लेट गई,मगर नींद उस की आंखों से कोसों दूर जा चुकी थी। सुबह जब सूरज ऊपर चढ़ चुका था, तब तक शीला सो कर नहीं उठी थी। उस की सास भी घबरा गई. सब से ज्यादा घबराए रवि। मां रवि के पास आ कर बोलीं, ''देख रवि,बहू अभी तक सो कर नहीं उठी। कहीं उस की तबीयत तो खराब नहीं हो गई? रवि बैडरूम की तरफ लपके। देखा कि शीला बेसुध सो रही थी। वे उसे झकझोरते हुए बोले,शीला उठो। सोने दो न, क्यों परेशान करते हो?'' शीला नींद में ही बड़बड़ाई।

रवि को गुस्सा आ गया और उन्होंने पानी का एक गिलास भर कर उस के मुंह पर डाल दिया.शीला घबराते हुए उठी और गुस्से से बोली, सोने क्यों नहीं दिया मुझे? रातभर नींद नहीं आई. सुबह होते ही नींद आई और आप ने उठा दिया।'देखो कितनी सुबह हो गई? रवि चिल्ला कर बोले, तब आंखें मसल कर उठते हुए शीला बोली, ''खुद तो ऐसे सोते हो कि रात को उठाया तो भी न उठे और मुझे उठा दिया, इतना कह कर वह बाथरूम में घुस गई। यह एक रात की बात नहीं थी। तकरीबन हर रात की बात थी मगर रवि में पहले जैसा खिंचाव क्यों नहीं रहा? या उस से उन का मन भर गया? ऐसा सुना भी है कि जिस मर्द का अपनी औरत से मन भर जाता है, फिर उस का खिंचाव दूसरी तरफ हो जाता है. कहीं रवि भी नहीं उन के रवि ऐसे नहीं हैं।

सुना है कि महल्ले के ही जमना प्रसाद की पत्नी माधुरी का चक्कर उन के ही पड़ोसी अरुण के साथ चल रहा है। यह बात पूरे महल्ले में फैल चुकी थी। जमना प्रसाद को भी पता थी,मगर वे चुप रहा करते थे.रात का सन्नाटा पसर चुका था। रवि और शीला बिस्तर में थे। उन्होंने चादर ओढ़ रखी थी.रवि बोले, ''आज मुझे थोड़ी ठंड सी लग रही है।''''मगर, इस ठंड में भी आप तो घोड़े बेच कर सोते रहते हो, मैं कितनी बार आप को जगाती हूं,फिर भी कहां जागते हो. ऐसे में कोई चोर भी घुस जाए तो पता नहीं चले. इतनी गहरी नींद क्यों आती है आप को?''''अब बुढ़ापा आ रहा है शीला.''

''बुढ़ापा आ रहा है या मुझ से अब आप का मन भर गया है?''

''कैसी बात करती हो?''


''ठीक कहती हूं। आजकल आपको न जाने क्या हो गया,'' यह कहते हुए शीला की आंखों में वासना दिख रही थी। रवि जवाब न दे कर शीला का मुंह ताकते रहे.शीला बोली,''ऐसे क्या देख रहे हो? कभी देखा नहीं है क्या?''''अरे,जब से शादी हुई है,तब से देख रहा हूं। मगर आज मेरी शीला कुछ अलग ही दिख रही है,'' शरारत करते हुए रवि बोले.''कैसी दिख रही हूं? मैं तो वैसी ही हूं, जैसी तुम ब्याह कर लाए थे,''कह कर शीला ने ब्लाउज के बटन खोल दिए, ''हां, आप अब वैसे नहीं रहे, जैसे पहले थे.''''क्यों भला मुझ में बदलाव कैसे आ गया?'' अचरज से रवि बोले.''मेरा इशारा अब भी नहीं समझ रहे हो. कहीं ऐसा न हो कि मैं भी जमना प्रसाद की पत्नी माधुरी बन जाऊं.''''अरे शीला,जमना प्रसाद तो ढीले हैं, मगर मैं नहीं हूं,'' कह कर रवि ने शीला को अपनी बांहों में भर कर उस के कई चुंबन ले लिए।

## कविता
## नदी...

घटती-घटना



डिकेश दिवाकर
कोरिया
छत्तीसगढ़



नदी जब मग्न कल-कल कर,
सुहानी गीत गाती है ।
दिखाती चाल नागिन सी,
मिलन वारीश जाती है ।।
कटीले पंथ हो चाहे ,मिले चट्टान राहों में ।
नहीं भयभीत होती वह ,
रहे मंजिल निगाहों में ।।
दिखाई जब नहीं दे पथ ,
पहाड़ों से उतर आती ।
करे श्रृंगार निर्झर का,
नया फिर रूप वह पाती ।।
सभी अपलक निगाहों से,
नया यौवन निहारे हैं ।
गिरे जल श्वेत बन मोती ,
दिखे सुंदर नजारे हैं ।।
सतत हो कर्म पथ चलना,
हमें सरिता सिखाती है ।
नदी जब मग्न कल-कल कर,
सुहानी गीत गाती है ।।
पहुँचती जब मुहाना पर,
प्रतीक्षा अब्धि करता है ।
नदी अंतस लगाने को ,
हमेशा वह मचलता है ।।
लिए कर गाज की माला,
करे स्वागत वहाँ सागर ।
लुटा अनुराग देता है ,
सदा आगोश में भरकर ।।
समर्पित कर नदी देती,
जलधि जलराशियाँ सारी ।
समाहित हो चली जाती,
करे विश्राम को प्यारी ।।
कठिन राहें गुजर कर ही,
मिले मंजिल बताती है ।
रखे साहस न विचलित हो,
सदा धीरज मिलाती है
विजय का ताज पहनाता,
परिश्रम हमको दिखाती है ।।
नदी जब मग्न कल-कल कर,
सुहानी गीत गाती है ।।

## मरीचिका प्रतीत होती आज नदियाँ



लक्ष्मीनारायण सेन
खुटेरी गरियाबंद (छ.ग.)

नदी हमारे लिए प्रकृति की एक अनुपम भेंट है। नदी शब्द सुन नदी की जल की तराने,नदी के आसपास हरियाली नुमा वातावरण, नदी के किनारे पक्षियों की चहक,जीव जंतुओं का आगमन हमारे मन को हमेशा प्रफुल्लित करता देता है। नदी हमें केवल जल ही प्रदान नही करती बल्कि जल के साथ साथ जहां से होकर नदी गुजरती है उस स्थान को हरियाली और अन्न धन से सम्पन्न करती है,साथ में उन स्थानों की मृदा को कृषि योग्य उपजाऊ बनाती है,और उद्योग के लिए जल प्रदान करती है। नदी पर बांध बनाया जाता है और नदी प्राकृतिक रूप से कहीं कहीं जलप्रपात का सृजन करती है। नदी पर बना बांध जल विद्युत उत्पादन का एक साधन बनता है। यह बांध और जलप्रपात एक पर्यटक स्थल को जन्म देता है,जिससे मनुष्य की बहुत सारे व्यवसाय का सृजन होता है। यदि नदी को आर्थिक सम्पन्नता का द्योतक माना जाए तो



अतिश्योक्ति नहीं होगी। नदी हमारी आर्थिक विरासत के साथ सांस्कृतिक विरासत भी है। हमारे भारत में कई ऐसे नदियॉं हैं जिसे हम देव तुल्य मानते हैं,जैसे गंगा, यमुना,सरस्वती, गोदावरी,कावेरी, कृष्णा,इंद्रावती,महानदी और क्षीप्रा नदी आदि। नदी समाज को समानता और समरसता का संदेश देता है।गंगा का जल,धरा के हर इंसान को चाहे कोई भी कौम से आता हो ,सबको पावन करता है। नदी का जल कभी भी किसी मानव या जीव जंतु के साथ भेद नहीं करता। मानवीय व्यवहार के कारण नदी का स्वरूप बदलते जा रहा है।आज रेत उत्खनन के कारण नदी में चमकता हुआ रेत विलुप्त की कागार पर है,जो नदी की सौंदर्यता को कम कर रहा है। औद्योगिकी करण और नगरीकरण के विराट रूप के कारण गंगा सम समझे जाने वाले बहुत से नदी का जल प्रदुषित हो रहा है। नदी के जल के ऊपर आश्रित रहने वाले प्राणियों के लिए जल संकट मंडरा रहा है। आज गांव हो या शहर धरा पर कांक्रीट का जाल बिछा हुआ है, जिसके कारण लगभग बारिश का साठ से सत्तर फीसदी पानी बह जाता है। फलस्वरूप जिस औसत मात्रा में जल का धरा पर अवशोषण होना चाहिए वह नहीं हो पाता, फलस्वरूप भूमिगत जल का स्तर गिरना स्वाभाविक है। आज हम कृषि के क्षेत्र में दलहन तिलहन के स्थान पर हम धान का उत्पादन ले रहें हैं,जो भूमिगत जलस्तर को गिराने के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। और उक्त सारे गतिविधियों का संबंध नदी के जल से जुड़ा हुआ है,जो नदी को जल विहीन कर रहा है।

आज ऐसे ऐसे मोटर पंप है जो जमीन के अंदर स्थित जल को खींच कर बाहर निकाल देता है, फलस्वरूप एक नदी में जल का स्रोत रहता है उसको भी खींच कर बाहर निकाल देता है। अतः आज बहुत से नदियॉं गर्मी के दिनों में सुख जाता है। यहां तक की कल-कल बहने वाली नदियों मे एक बूंद पानी नहीं मिलता। सुना और पढ़ा है की रेगिस्तान में मरीचिका होता है,पर आज हालात ऐसी बन गई है कि बड़े बड़े नदियॉं मरीचिका प्रतीत हो रह है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# गैंगरेप के बाद मर्डर...जंगल में नग्न मिली 8वीं कक्षा की छात्रा की लाश,धारदार हथियार से रेता गला व शरीर घसीटने के भी निशान





- संवाददाता -
सूरजपुर,26 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक भीषण और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सेंदरी के जंगल में आज एक नाबालिग बच्ची का शव मिला है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह बच्ची महुआ बिनने घर से निकली थी। अगले दिन उसी जंगल में बच्ची का शव नग्न अवस्था में मिला है, जिस हालत में उसका शव बरामद हुआ है उसे देख के गैंगरेप की आशंका जताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि आरोपियों ने इस घिनौनी वारदात के बाद उसका मर्डर कर दिया। मृतका के गले पर धारदार हथियार के निशान मिले है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। पूरा मामला रामानुजनगर थाना क्षेत्र का है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

### महुआ बीनने गई थी बच्ची

जानकारी के अनुसार,नाबालिक बच्ची बीते दिन (शुक्रवार) को सुबह-सुबह घर से महुआ चुनने घर से निकली थी, लेकिन वह दोपहर तक जब घर नहीं लौटी,तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया। दोपहर से शाम हो गई और शाम से रातज लेकिन मासूम का कोई पता नहीं चल सका था। परिजन लगातार उसे जंगल और गांव में ढूंढ रहे थे। इसी दौरान आज सुबह जंगल में नाबालिग का शव संदिग्ध हालत में मिला।

इस पूरे मामले में पुलिस ने बताया कि शव मिलने की सूचना सुबह करीब 10 बजे मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने आसपास के इलाके की घेराबंदी कर दी है। पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है।

### गैंगरेप के बाद हत्या की आशंका

प्रारंभिक जांच में पुलिस ने बताया कि लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद उसकी हत्या की गई। शव को काफी दूर तक घसीटकर ले जाया गया था, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि आरोपी उसे छिपाने या दफनाने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, वे इसमें सफल नहीं हो पाए। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और फॉरेंसिक टीम को सबूत जुटाने के लिए मौके पर भेजा गया है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस को और स्पष्ट सुराग मिलने की उम्मीद है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना पर गहरी नाराजगी जताई है और प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### लोगों में भारी आक्रोश

इधर इस घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इस मामले में पुलिस अफसरों का कहना है कि डॉग स्क्वायड की टीम और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। प्रथम दृष्टया छात्रा के साथ गैंगरेप के बाद मर्डर माना जा रहा है। पूरी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।




## पर्यटक के रूप में मैनपाट घुमने आए युवक-युवती ने बौद्ध मंदिर में की चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट स्थित बौद्ध मंदिर के दान पेटी से रुपए चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना शनिवार की सुबह करीब 7 बजे की है। पर्यटक के रूप में आए युवक-युवती बौद्ध मंदिर में दर्शन करने पहुंचे और मौके का फायदा उठाकर दान पेटी से रुपए चोरी कर ली। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कमलेश्वरपुर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मैनपाट के रोपाखार में स्थित पुराने बौद्ध मंदिर में शनिवार सुबह युवक और युवती दर्शन करने के बहाने पहुंचे थे। बौद्ध मंदिर में मौका देखकर मंदिर के दान पेट्टी में रखे रुपए निकाल लिए। कुछ अन्य सामानों की चोरी भी कर ली। घटना सुबह 7 से 8 बजे के बीच की है।

बौद्ध मंदिर के पुजारी को संदेह होने पर मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। सीसीटीवी फुटेज में युवक और युवती दान पेट्टी से रुपए निकालते कैद हुए हैं। मंदिर समिति ने मामले की रिपोर्ट कमलेश्वरपुर थाने में दर्ज कराई है।



## जिले के कई स्काउट ब्लॉक सचिवों को फेरबदल के आदेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सरगुजा का द्वितीय वार्षिक समीक्षा बैठक शनिवार को शासकीय गर्ल्स स्कूल अम्बिकापुर में आयोजित हुई। बैठक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव की अध्यक्षता में एवं जिला मुख्य आयुक्त तेजेंदर सिंह बग्गा के मार्गदर्शन में हुआ सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से सरगुजा जिले में स्काउटिंग एवं गाइडिंग के प्रचार-प्रसार, दल गठन, दल पंजीयन, नवनीकरण, शासकीय एवं प्राइवेट संस्थाओं में स्काउटिंग के नियमित संचालन, बेसिक कोर्स, तृतीय सोपान शिविर के आयोजन, राज्य स्तरीय शिविरों में स्काउट्स एवं गाइड्स की सहभागिता पर चर्चा हुई। इस अलावा राज्य मुख्य आयुक्त के आदेशानुसार सरगुजा जिले के कई स्काउट ब्लॉक सचिवों को फेरबदल कर नियुक्त करने आदेश दिए गए। जिससे सरगुजा जिले की स्काउटिंग का कार्य प्रत्येक स्तरों पर सुचारू रूप से संचालित हो सके। इस बैठक में रमेश सिंह एडीपीओ, त्रिभुवन शर्मा ,जरमिना एक्का सहायक राज्य आयुक्त सरगुजा संभाग, जिला सचिव महेंद्र सिंह, सह सचिव रेशमा लकड़ा, जिला प्रशिक्षक स्काउट मनीष गुप्ता, जिला प्रशिक्षक गाइड पुष्पिका मिंज के साथ जिले के सभी वरिष्ठ स्काउटर गाइडर, उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला संगठन आयुक्त सरगुजा योगेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया।



## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, पूरा सामान जलकर हुआ खाक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

मैनपाट विकासखंड के ग्राम पंचायत उरगा में शुक्रवार की रात शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई। आग लगने से घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। वहीं घर वालों ने किसी तरह घर से भाग कर अपनी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उरगा निवासी धनी दास शुक्रवार की रात को पूरे परिवार सहित घर में था। रात करीब 8 बजे शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। घर वाले किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया और घर का जलकर खाक हो गया। आगजनी की घटना में घर में रखे सारा सामान भी जलकर खाक हो गया है। आग बुझाने के लिए संसाधन नहीं होने के कारण लोग मदद नहीं कर पाए।

## देर रात घर के अंदर घुसे युवक ने युवती को संबंध बनाने किया प्रेरित,केस दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

घर का दरवाजा बलपूर्वक खोलकर देर रात अंदर घुसे युवक ने युवती को रुपये का प्रलोभन देकर संबंध बनाने के लिए प्रेरित किया। युवती के विरोध के बाद उसकी मंशा पूरी नहीं हुई तो आरोपी गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इसके बाद मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई गई है, जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

युवती ने पुलिस को बताया है कि 22 अप्रैल को वह अपने घर में दादी फुलकुंवर के साथ अलग-अलग कमरे में सो रही थी। रात करीब 1.30 बजे गांव का ही देवप्रकाश




नेटी उसके घर में पत्थर फेंका और दरवाजा को पैर से मारकर अंदर घुस गया। आरोपी युवक उस कमरे तक पहुंच गया, जहां वह सो रही थी। युवक बदनियती से उसका हाथ पकड़ा, और युवती की नींद खुल गई। देवप्रकाश को सामने देखकर वह बोली कि चाचा आप दरवाजा खोलकर अंदर कैसे आ गए, इस पर आरोपी ने 200 रुपये लेकर संबंध बनाने के लिए कहा। इसका विरोध करने पर वह गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। युवती का शोर सुनकर उसकी दादी उठी, तो देवप्रकाश भाग गया। बगल में रहने वाले स्वजन ने आरोपी को भागते हुए देखा था। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज करके अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की है।



## विभिन्न संगठन के महिलाओं ने आतंकी हमले की निंदा की...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए निर्दोष पर्यटकों को शहर के विभिन्न संगठन के महिलाओं ने श्रद्धांलि अर्पित की। शुक्रवार की शाम महिलाओं ने शहर के घड़ी चौक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांलि दी और घटना को निंदा की। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। इस दौरान महिलाओं ने अपने-अपने विचार रखे और आतंकी और आतंक वाद को समूल नष्ट करने, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। इस दौरान संभाव महिला मंच, वसुधा महिला मंच, तेजेस्वनी महिला मंच, सेवा किटी, आदया महिला बंग समिति, उमंग महिला उत्थान समिति,एकल समूह सहित अन्य महिलाएं शामिल रहीं।

## सरगुजा पुलिसिंग में और कसावट लाने की है आवश्यकता

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

वर्ष 2012 बैच के आईपीएस पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने जिले के पदभार ग्रहण करने के बाद शनिवार को पत्रकारों से चर्चा की। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि यहां आने के बाद सरगुजा पुलिस के कामों को मैं देख रहा हूं। अच्छा काम है उसे और बेहतर तरीके से करने की कोशिश करेंगे। ताकि अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हो सके। इसके लिए अच्छे विवेचना की आवश्यकता है।



जिले के पूर्व एसपी योगेश पटेल के ट्रांसफर के बाद जिले के नए पुलिस कप्तान की जिम्मेदारी आईपीएस राजेश अग्रवाल को दी गई है। इन्होंने 22 अप्रैल को पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद इन्होंने जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर जिले की वस्तुस्थिति की जानकारी ली थी। शनिवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर पत्रकारों से चर्चा की और जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जिले में बेसिक पुलिसिंग के माध्यम से चुस्त दुरुस्त व्यवस्था बनाने एवं त्वरित कार्रवाई से आमनागरिकों का विश्वास हासिल करने की कोशिश करेंगे। पत्रकारों द्वारा आईपीएस राजेश अग्रवाल को सरगुजा जिले में नशे के अवैध करोबार के बारे में बताया गया। इस विषय पर एसपी ने कहा कि यह मेरे लिए नया विषय भी है। नशे के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करेंगे और नियंत्रण करने की पूरी कोशिश करेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने की कोशिश करेंगे। सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए मालवाहकों में यात्रियों को ढोने पर रोक लगाएंगे। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सके।



# इस्राइली हवाई हमले में 10 लोगों की मौत,पिछले 24 घंटे में 50 से अधिक मारे गए

### युद्धविराम की कोशिशें जारी

गाजा सिटी,26 अप्रैल 2025। गाजा सिटी में शनिवार को एक इस्राइली हवाई हमले में एक तीन मंजिला मकान को पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। इस हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई । जिनमें आधे बच्चे थे। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में इस्राइली हमलों में कम से कम 49 लोगों की मौत हुई है।

गाजा सिटी के पश्चिमी इलाके में तड़के हुए इस हमले में मारे गए लोगों में तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल थे। शवों को शिफा अस्पताल लाया गया। अपना पूरा परिवार खोने वाले सईद अल-ख़ौर ने कहा,उनमें से कोई भी प्रतिरोध का हिस्सा नहीं था। रात 1 बजे से अब तक हम बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के अवशेष निकाल रहे हैं।

इस्राइली सेना ने कहा कि उन्होंने एक हमास के लड़ाके को निशाना बनाया था और वह जिस घर में मौजूद था,वह इमारत ढह गई। गाजा सिटी के समुद्र तट के किनारे स्थित शाती शरणार्थी शिविर में भी तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। हमास ने शनिवार को कहा कि उसने एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को काहिरा भेजा है ताकि पिछले महीने इजरायली बमबारी से टूटे युद्धविराम को फिर से बहाल किया जा सके।

गाजा में पिछले 24 घंटे में इस्राइली हवाई हमलों में कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई है।



स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी है,जबकि अरब मध्यस्थ युद्धविराम वार्ता को फिर से शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं। गाजा शहर के पश्चिमी इलाके में शनिवार तड़के हुए हवाई हमले में एक तीन मंजिला मकान पूरी तरह ढह गया,जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है और शहर के तटीय इलाके शती शरणार्थी शिविर में तीन और लोगों के मारे जाने की भी जानकारी दी है। इस्राइल ने अभी तक इन हमलों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### युद्धविराम वार्ता फिर शुरू करने के प्रयास जारी

इन हमलों के बीच हमास ने शनिवार को कहा कि उसने काहिरा में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेजा है,जो युद्धविराम वार्ता को फिर से शुरू करने की कोशिश करेगा। इस्राइल ने पिछले महीने हमास के साथ युद्धविराम समाप्त कर दिया था और उसने सभी बंधकों को वापसी तक युद्ध जारी रखने की प्रतिज्ञा की है। हमास ने कहा है कि वह दर्जनों बंधकों को केवल फलस्तीनी कैदियों की रिहाई,इस्राइली सेनाओं की पूर्ण वापसी और स्थायी युद्धविराम के बदले में ही छोड़ेगा। हमास ने कहा कि उसका प्रतिनिधिमंडल मिस्र के अधिकारियों के साथ गाजा से इस्राइली सेनाओं की पूर्ण वापसी और पुनर्निर्माण सहित युद्ध समाप्त करने के अपने प्रस्ताव पर चर्चा करेगा।

# बलरामपुर जिले के राजपुर पुलिस ने सायबर ठगी करने वाले दो आरोपियों को धर दबोचा,भेजे गया जेल

- संवाददाता -
बलरामपुर,26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

साइबर ठगों ने साइबर ठगी करने के लिए चॉइस सेंटरों को बनाया निशाना. ठगी का यह नया मामला सामने आया है, मिली जानकारी के अनुसार साइबर ठगो द्वारा च्वाईस सेंटरों पर एजेंट भेजकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। इस गिरोह ने अम्बिकापुर और राजपुर में लाखों रुपये की ठगी की है, जिसे पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार राजपुर थाना क्षेत्र के खुटनपारा निवासी राहुल कुमार कश्यप जो एक ग्राहक सेवा केन्द्र संचालित करता ही हैं. उसने 23 अप्रैल 2025 को दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ठगी किए जाने की सूचना राजपुर पुलिस को दी थी। साइबर ठगों ने राहुल से पैसे डालने के लिए खाता नंबर मांगा और उसके बाद 186,000 रुपये लेकर फरार हो गए। बाद में पता चला कि खाता होल्ड होने के कारण पैसे निकाल लिए गए थे। तत्काल घटना की सूचना राजपुर पुलिस को दी गई, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों की निर्देष पर त्वरित कार्रवाई शुरू की गई।



### अम्बिकापुर में 10 लाख और राजपुर में 1.86 लाख किए थे ठगी

पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए,सभी च्वाईस सेंटरों को अलर्ट किया। इसके बाद,पुलिस को सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति चौधरी गेस्ट हाउस में ठहरे हुए हैं। पुलिस ने घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें झारखंड के देवघर निवासी राहुल उर्फ शकर दादा ने एजेंट बना कर राजपुर और अम्बिकापुर भेजा था। इन दोनों ने अम्बिकापुर में करीब 10 लाख रुपये और राजपुर में 186,000 रुपये की ठगी की थी।

राजपुर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कराकर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस मामले में पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह ने किया,जिसमें उप निरीक्षक दिनेश राजवाडे,प्र.आर. राजेन्द्र ध्रुव,श्यामलाल भगत, आरक्षक अमृत सिंह,रूपेश कुमार गुप्ता,नरेश तिर्की,मोती राम राजवाडे, नरेन्द्र कश्यप और अन्य स्टाफ शामिल थे।

# भरमार बंदूक से सूअर के शिकार के लिए चली गोली से छात्र की मौत,आरोपी हिरासत में...



- संवाददाता -
बलरामपुर,26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना क्षेत्र के डिंडो चौकी अंतर्गत बिमलापुर के जंगलों में शुक्रवार शाम को शिकार के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव बेलसर निवासी राजेंद्र पंडो (40) द्वारा चलाई गई भरमार बंदूक से साथी युवक मुकेश कुमार आयाम (18) की गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र पंडो और मुकेश कुमार आयाम अन्य ग्रामीणों के साथ जंगली सूअर का शिकार करने जंगल गए थे। शिकार के दौरान सभी लोग अलग-अलग दिशा में फैल गए थे। इसी बीच झाड़ियों में हलचल की आवाज सुनकर राजेंद्र ने सूअर समझकर अपनी भरमार बंदूक से फायर कर दिया। दुर्भाग्य बस गोली मुकेश की पीठ में जा धंसी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से घबराए राजेंद्र पंडो ने देर शाम गांव लौटकर ग्रामीणों को इस हादसे की जानकारी दी। सूचना पर शनिवार सुबह डिंडो पुलिस एवं त्रिकुंडा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने शव का पंचनामा कर पुलिस जांच कर रही है। रामानुजगंज एसडीओपी बाजी लाल सिंह भी मौके का निरीक्षण करने पहुंचे। फिलहाल पुलिस ने आरोपी राजेंद्र पंडो को हिरासत में ले लिया है . फिलहाल फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर मामले कर रहे है।

एसडीओपी बाजी लाल सिंह के द्वारा बताया कि सूअर के भ्रम में राजेंद्र पंडो द्वारा गोली चलाना बताया गया है। उनके और साथी भी जंगल में शिकार के लिए गए थे। शिकार के लिए एक या दो ग्रामीण नहीं जाते हैं। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# दीवार में सेंध लगाकर 1.50 लाख रुपये नकद और जेवरात की चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

धौरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ककनी में दीवार में सेंध लगाकर डेढ़ लाख रुपये नकद और 30 हजार रुपये का सोने-चांदी का जेवरात चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। संजय प्रधान पिता मोतीलाल प्रधान ने पुलिस को बताया है कि उसका पुराना घर चर्च के पास है, जिसमें उसके पिताजी व बहन रहते हैं। नया मकान ककनी में है, जहां वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता है। 23 अप्रैल को उसके बहन की शादी थी। परिवार के सभी सदस्य रात करीब 8 बजे घर में ताला बंद करके शादी में गए थे। अलसुबह 3 बजे वापस आए और पूजा रूम का ताला खोले तो दीवार में सेंध लगा था और बड़ा पेटी खुला था। घर में रखा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। लडक़ी की शादी के लिए घर में रखा सोने का हार कीमत 25 हजार रुपये, चांदी का पायल एक जोडी कीमत 5 हजार रुपये, नगद रकम 1 लाख 50 हजार रुपये नहीं था। रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 331(4), 305(क) का मामला कायम कर लिया है।

# क्रेशर संचालन में अनियमितता पर प्रशासन सख्त

» ग्राम भेस्की म संचालित क्रेशर को किया गया सील

- संवाददाता -
बलरामपुर,26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

जिले में कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के निर्देशन में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन गतिविधियों पर प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।इसी कड़ी में विकासखंड राजपुर के ग्राम भेस्की में संचालित मा महामाया क्रेशर को अनियमिता पाए जाने पर सील कर दिया गया।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर श्री राजीव जेम्स कुजूर के नेतृत्व में राजस्व विभाग और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में पाया गया कि क्रेशर संचालनकर्ता द्वारा क्रेशर संचालन में अनियमितता बरती जा रही थी।गिट्टी क्रेशर खदान को निर्धारित मापदंड के अनुरूप ना पाते हुए संयुक्त टीम के द्वारा राजपुर विकासखण्ड के ग्राम भेस्की में संचालित मा महामाया गिट्टी क्रेशर के द्वारा क्रेशर संचालन में अनियमितता बरतने पर प्रशासन ने सख्ती से कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।



# गालीगलौज करने से मना करने पर महिला की जमकर पिटाई,केस दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिला के झिलमिली थाना अंतर्गत घर के सामने शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे ग्रामीण को गाली देने से मना करने पर वह आवेश में आ गया और टांगी लाकर महिला से मारपीट करने लगा। मारपीट में उसके घर के लोगों ने भी सहयोग किया,गंभीर चोट आने के कारण वह बेहोश हो गई थी। पास-पड़ोस के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। स्वस्थ्य होने के बाद वह घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।




भैयाथान के ग्राम केवरा घुचापारा की बिजिया बाई ने झिलमिली थाना पुलिस को बताया है कि 11 अप्रैल को वह अपने घर में थी। पति एवं बच्चे काम से बाहर गए थे। दोपहर करीब 12 बजे पड़ोसी मोहन राम पिता लोलो राम शराब पीकर उसके घर के बाहर गाली-गलौज कर रहा था। जब वह उसको घर के सामने गाली देने से मना की तो वह अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए महिला से गाली-गलौज करने लगा। इसी बीच आरोपी के परिवार के नानो एवं दरहीन भी वहां पर आ गए और बिजिया बाई को पकड़ लिए। मोहन राम अपने घर से टांगी लाया और उसके साथ मारपीट करने लगा, जिसमें उसे गंभीर चोट आई थी। नानो और दरहीन भी उसके साथ मारपीट कर रहे थे,जिस कारण वह मौके पर बेहोश होकर गिर गई थी। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने इस दौरान बीच-बचाव किया और उसे भैयाथान अस्पताल पहुंचाए। घटना की सूचना महिला के घर वालों को दी गई थी, इसके बाद वे भैयाथान अस्पताल पहुंचे। यहां से रिफर करने पर सूरजपुर अस्पताल ले गए। होश में आने के बाद वह अपने परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। सूरजपुर अस्पताल में स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर स्वजन उसे अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराए थे। इलाज कराने के बाद वह तीनों आरोपियों के विरूद्ध थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर अग्रसेन गौशाला में बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन





- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

शनिवार विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर अग्रसेन गौशाला, चढिश्मा, अंबिकापुर में पशुधन विकास विभाग द्वारा बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिविर में 305 पशुओं का गलघोंटू एवं एक टैगिया रोग से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया। साथ ही 208 पशुओं को कृमिनाशक दवा पिलाई गई और 19 पशुओं का उपचार भी किया गया। शिविर का शुभारंभ पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. आर.पी. शुक्ला, अतिरिक्त उप संचालक डॉ. सी.के. मिश्रा एवं गौशाला के अध्यक्ष श्री हीरालाल गर्ग द्वारा गाय और बधिया को माला पहनाकर एवं गुड़ खिलाकर किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनील मिंज द्वारा गौशाला के पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा पशुपालकों एवं गौशाला प्रबंधकों को पशुओं के पोषण,स्वास्थ्य देखभाल और प्रबंधन के विषय में तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया। शिविर में गौशाला के उपाध्यक्ष श्री जय भगवान अग्रवाल,श्री राम निवास जायसवाल, पशु चिकित्सा सहायक अल्पज्ञ डॉ. सुनील मिंज, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी श्री बृजेंद्र सिंह एवं श्री उमेश कुशवाहा सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार बना आम नागरिकों के लिए आशा की किरण...

» समाधान पेटी से प्राप्त आवेदनों का हो रहा निराकरण...

» मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल से लोगों को मिल रही समस्याओं से राहत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।







राज्य शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण होने से आम नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल से सुशासन तिहार 2025 आमजन के लिए एक सशक्त मंच बना जहां उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

उदयपुर विकासखंड के ग्राम पुटा की महिला आवेदकों ने स्वयं के शौचालय निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर उदयपुर जनपद पंचायत सीईओ शद्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत शौचालय निर्माण की स्वीकृति पत्र प्रदान की। इस पर महिलाओं ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार जताया।

इसी तरह ग्राम पंचायत तारागी की निवासी श्रीमती बुधियारो बाई ने सुशासन तिहार के दौरान आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उनके घर पहुंचकर दस्तावेज एकत्र किए और निर्धारित समय सीमा में उनका आयुष्मान कार्ड तैयार कर सौंपा। अपनी समस्या के समाधान पर श्रीमती बुधियारो बाई ने सुशासन तिहार का के लिए आभार व्यक्त किया।

### सरगुजा जिले में 1.58 लाख आवेदन, 44 हजार का निराकरण

जिले में विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के अंतर्गत कुल 1,58,307 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से अब तक 44,177 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, लंबित 1,14,130 आवेदन का निराकरण जारी हैं।

सुशासन तिहार अंतर्गत प्रशासन द्वारा लंबित आवेदनों का शीघ्र समाधान करने हेतु विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ ही विभागवार समीक्षा कर लंबित मामलों का त्वरित निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की गई है कि वे अपने आवेदन की स्थिति की नियमित जानकारी लेते रहें और आवश्यक दस्तावेज समय पर प्रस्तुत करें।

CMYK




## गुणवत्ता विहीन निर्माण के कारण स्टाफ डेमों में नही ठहर रहा पानी...नए बनाये जा रहे स्टाफ डेमो में पानी ठहरेगा या नही बना बड़ा सवाल

-राजन पाण्डेय-
सोनहत,26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रदेश के सबसे बडे राष्टीय उद्यान गुरू घासीदास नेशनल पार्क में प्रबंधन के तमाम दावों के बावजूद पानी की फिलहाल बहुत बेहतर व्यवस्था नहीं है। पार्क के सोनहत रामगढ सहित जनकपुर कमर्जी रेहण्ड क्षेत्र में सूखे जैसी स्थिति है और यहां से जीव बसाहट की ओर पलायन कर रहे हैं। आलम है की जीवों सक्रियता जंगल के बाहर ज्यादा देखने को मिल रही है। पिछ्ले दो महीनों से गुरूघासीदास नेशनल पार्क के चारो तरफ बसाहट के क्षेत्रों में जीवों की सक्रियता यूं ही नहीं है। पिछ्ले कुछ सालों प्रबंधन का यही दावा था कि जीव बसाहट की तरफ नहीं बढ़ रहे हैं बल्कि बसाहट जंगल की तरफ बढ़ रही है। जबकि वर्तमान में सच्चाई यह है कि जिस तेजी से गर्मी बढ़ रही है उसी तेजी से जंगल के जलस्त्रोत सूख रहे हैं।



### पार्क परिक्षेत्र में नहीं हैं बड़े टैंक

नेशनल पार्क के अंदर कोई बड़ा टैंक नहीं है। जो गड्ढे हैं उनमें पानी भरा जाता है लेकिन तेज गर्मी के कारण वास्पीकरण और जमीन द्वारा सोख लेने के कारण पानी जल्द खत्म हो जाता है। इससे जंगली जानवरों को पीने का पानी नहीं मिल पाता है। पानी की बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए कोई खास प्रयास नहीं किए गए हैं। प्रबंधन कि माने तो पार्क के अंदर कई प्राकृतिक जल स्रोत है और पानी के लिए विभाग द्वारा व्यवस्था भी बनाई गई हैं लेकिन सच्चाई यह है कि सोनहत और रामगढ़ परिक्षेत्र में इन दिनों पानी की किल्लत है परिणामस्वरूप जंगल से पलायन करके जीव बसाहट की तरफ बढ़ जाते हैं।

### औचित्य विहीन बनाए गए कई स्टाफ डेम

गुरुघासीदास राष्टीय उद्यान सोनहत रामगढ़ रिहंद कमर्जी अंर्तगत पार्क परिक्षेत्र द्वारा पूर्व में लाखों की लागत से स्टाफ डेम का निर्माण कराया गया जो औचित्य विहीन नजर आने लगा है वही ऐसे निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग व पार्क परिक्षेत्र पर शासन की राशी का दुरउपयोग करने का भी आरोप लगाया है । उल्लेखनीय है कि लाखों रूपए की राशी खर्च करके वन विभाग द्वारा स्टाफ डेम तो बना दिया पर वर्तमान समय में कई स्टाफ डेम में रत्ती मात्र भी पानी नही है अब ऐसी स्थिती में यह कहना गलत नही होगा की विभाग द्वारा बनाए गए कई स्टाफ डेम सिर्फ शो पीस ही साबित हो रहे है। वही वर्तमान में जो स्टाफ डेम बनाये जा रहे हैं उनकी गुणवत्ता किसी से छुपी नही है, गुणवत्ता के साथ साथ स्टाफ डेमो के स्थल चयन पर भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या बरसात के अलावा अन्य दूसरे महीनो में भी इन स्टाफ़डेमो मे पानी ठहरेगा? ये सवाल अभी भविष्य के गर्भ में हैं लेकिन यदि पानी नही ठहरा तो ये करोड़ो के स्टाफ़डेम सफेद हाथी साबित होंगे।

### जंगलों में लगी आग से वन संपदा हो रही खाक

विकासखंड सोनहत अंर्तगत स्थित प्रदेश के सबसे बडे राष्टीय उद्यान गुरूघासीदास नेशनल पार्क में कई स्थानों पर आग लगने से राष्टीय उद्यान को काफी नुकसान पहुचा है। वही आग का आलम सोनहत वनपरिक्षेत्र देवगढ़ एवं पार्क एरीया में जारी है हलाकी वन विभाग के द्वारा फायर वाचर नियुक्त किये गए है बावजूद इसके वनांचल क्षेत्रों में आग का आलम ज्यादा है। सूत्रों की माने तो विभाग को निर्माण कार्यो फुर्सत ही नही है इस कारण आग पर ध्यान नही दिया जा रहा है, स्टाफ डेम निर्माण कार्य अपने आरंभ से ही इतने सवालों और शिकायतों के घेरे में रहा कि शायद विभाग को आग से निपटने की फुर्सत नही मिली।

### जंगल और हरियाली के बीच हुआ फासला

सोनहत विकासखंड के वन परिक्षेत्र सोनहत देवगढ़ एवं गुरूघासीदास राष्टीय उद्यान के अलग अलग क्षेत्रों में आग का कहर बरपा, वर्तमान समय में मिली जानकारी अनुसार पार्क परीक्षेत्र के धनपुर कुर्थी और आनंदपुर दसेर से लगे हुए इलाकों के अलावा रामगढ़ के आस पास के क्षेत्र कुछ मात्रा में सोनहत के कछाड़ी मेण्ड्रा तुर्रीपानी एवं बंशीपुर चंदहा क्षेत्र के जंगलों में आग से जंगलों को कही कम कही ज्यादा नुकसान होने की जानकारी मिली है जबकी राष्टीय उद्यान के अलावा देवगढ़ क्षेत्र और मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल से लगे क्षेत्र अकलासरई भैंसवार के अलावा अकलासरई से बनिया नदी के बीच के क्षेत्र में आग लगने की जानकारी मिली है ग्रामीणों के मुताबिक रेवला आमापानी के जंगलों में भी कुछ दिवस पुर्व आग लगी थी हालकि इन स्थानों में से कई स्थानों पर लगी आग पर काबू पा लिया गया है और कुछ स्थानों पर आग स्वतः बुझ गई है लेकिन आग से छोटे झाड़ जल कर नष्ट हो गए हे।

### क्या कहते हैं लोग

राष्ट्रीय उद्यान में हर साल आग लगती है और आग से वनों के साथ साथ वन्यप्राणी को नुकसान होता है लेकिन विभाग के अधिकारियों को कोई फर्क नही पड़ता, राष्ट्रीय उद्यान में निर्माण कार्यो में अनियमितता के साथ आग से हुए नुकसान की भी जांच होनी चाहिए और सबंधितो पर कार्यवाही भी होनी चाहिए

**ज्योत्स्ना राजवाड़े,पूर्व जिला पंचायत सदस्य**

वन और वन्य प्राणियों के लिए राष्ट्रीय उद्यानों की परिकल्पना की जाती है,विभागीय कार्यप्रणाली से टाइगर प्रोजेक्ट की सफलता पर अभी से सवाल उठने लगे हैं

**मोहन प्रसाद यादव,सोनहत**

राष्ट्रीय उद्यान में अनियमितताओं की जांच हेतु संचालक को ज्ञापन दिया गया है जांच एवं कार्यवाही नही होने पर पार्क कार्यालय सोनहत का घेराव किया जावेगा

**अविनाश पाठक,कांग्रेस नेता**

राष्ट्रीय उद्यान में लगातार हो रही अनियमितताओं को नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा डॉ चरणदास महंत जी से मिल कर अवगत कराऊंगा और उनसे उक्त मामले को विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा पटल पर उठाने का निवेदन करूँगा

**अनित दुबे,केशगवां**

गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान में निर्माण कार्यो में अनियमितता बरतने की जानकारी मिली है जिसकी जांच होनी चाहिए,जांच उपरांत कड़ी कार्यवाही भी होनी चाहिए,गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तरफ से बहुत जल्द ज्ञापन सौंपा जावेगा और कार्यवाही नही होने पर आंदोलन भी किया जावेगा

**संजय कमरो**
**प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गणतंत्र पार्टी**



### गुरुघासीदास तमोर पिंगला टाईगर प्रोजेक्ट पर सवाल के घेरे में...

उल्लेखनीय है की गुरूघासीदास राष्ट्रीय उद्यान में टाईगर प्रोजेक्ट शुरू होने वाला है लेकिन प्रतिवर्ष उद्यान क्षेत्र में लगने वाली आग से जंगलों को काफी नुकसान होता है जिससे जानवर बसाहट की ओर पलायन करने लगते है। प्रति वर्ष आग की घटनाओं एवं लगातार गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यो से टईगर प्रोजेक्ट की सफलताओं पर अभी से सवाल उठने लगे है।

## राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के द्वारा लिया गया जिला संघ कोरिया का वार्षिक समीक्षा बैठक

-संवाददाता-
कोरिया,26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त माननीय डॉ. सोमनाथ यादव जी के निर्देशानुसार एवं मुख्य आतिथ्य में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता जी के आदेशानुसार व अध्यक्षता,देवेन्द्र तिवारी जी पूर्व जिला अध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के विशिष्ट आतिथ्य एवं अरविंद सिंह विकासखंड शिक्षा अधिकारी सोनहत, देवेश जायसवाल विकासखंड शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर की गरिमामय उपस्थिति में वार्षिक समीक्षा बैठक शासकीय आदर्श कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के ऑडिटोरियम में दिनांक 26.04.2025 को आयोजित की गई, बैठक में सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन एवं पुष्प



अर्पित कर, स्काउट प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियो का स्कार्फ एवं मुख्य अतिथि जी को लाल चंदन के पौधे भेट कर स्वागत किया गया,जिला सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े के द्वारा माननीय राज्य मुख्य आयुक्त महोदय का परिचय एवं अतिथियों का स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया माननीय राज्य मुख्य आयुक्त महोदय द्वारा देवेंद्र तिवारी जी को जिला मुख्य आयुक्त कोरिया नियुक्त कर आधिकारिक घोषणा की गई एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू के द्वारा कमिश्नर स्कार्फ पहना कर सम्मानित किया गया,तत्पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में जिले में स्काउटिंग की गतिविधि के बारे में जानकारी प्रदान किया गया,नवनियुक्त जिला मुख्य आयुक्त देवेंद्र तिवारी जी के द्वारा अपने उद्बोधन में अपने स्काउटिंग जीवन को साझा करते हुए जीवन में अनुशासन का महत्व के बारे में बताते हुए अवगत कराया की वह स्वयं एडवांस स्काउट मास्टर हैं साथ ही पूर्व में 10 वर्ष तक जिला परिषद के अध्यक्ष रह चुके हैं और आने वाले समय में जिले में स्काउटिंग को शिखर तक ले जाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का आश्वासन दिए, माननीय राज्य मुख्य आयुक्त महोदय के द्वारा वार्षिक समीक्षा बैठक के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए आगामी वर्ष के कार्यक्रमों पर चर्चा किया गया जिसमें प्रमुख रूप से 01 मई को पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु राज्य में एक साथ साइकिल रैली एवं जून महीने में कोरिया जिले में राज्य स्तरीय और रोवर रेंजर समागम का आयोजन करने की बात कही गई। बैठक में प्रमुख रूप से मान. राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, जिला मुख्य आयुक्त कोरिया देवेंद्र तिवारी,जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेंद्र कुमार गुप्ता, जिला सचिव सुरेंद्र कुमार राजवाडे,जिला संयुक्त सचिव सविता सिंह,जिला संघ कोषाध्यक्ष रवि कुमार पाण्डेय,जिला संगठन स्काउट स्काउट नागेश्वर साहू,जिला संगठन आयुक्त गाइड सुश्री विजय कुजुर,जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सुनील बड़ा, विकासखंड सचिव सोनहत श्याम कुमार आण्डिल,विकासखंड सचिव बैकुंठपुर शिव प्रताप सिंह, स्काउटर अजय कुमार ठाकुर,अनिल कुमार,रवि बैगा,राजाराम देवांगन,प्रफुल्ल सालोमन तिग्गा, शुक्ला राम भगत,विकल्प कुमार श्रीवास्तव,सुशील कुमार,भीम धुरंधर, बनस लाल सिलर,विपिन कुजुर, जयपाल पल्हे, अमरनाथ सिंह,अजीम अंसारी, केशव प्रसाद साहू, मुकेश मिंज, राजेश कुमार,गाइडर-रीता लकड़ा, डिंपल मिंज,शकुंतला लकड़ा,आशा एक्का,जमाइत लकड़ा,भानुप्रिया भास्कर, अपूर्व द्विवेदी,मेझरेन बखला,प्रीति कुमारी,सोनी कुमुदिनी राजपूत,निशांत तारा,रागिनी चौबे,दीपा मरावी,प्रमिला टोप्पो,ममता सिंह एवं स्काउट् गाइड्स उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्याम आण्डिल एवं आभार प्रदर्शन रवि पाण्डेय ने किया, बैठक का समापन राष्ट्गान से किया गया।

## दीपका कोयला खदान में हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीणों में दहशत

-संवाददाता-
कोरबा,26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
कोरबा-पश्चिम क्षेत्र दीपका कोयला खदान से सटे ग्राम आमगांव दर्रा खांचा के लोगों में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब खदान में हुई हैवी ब्लास्टिंग के बाद भारी पत्थर उड़कर ग्राम में आ गिरे। इन पत्थरों की चपेट में आकर कुछ घरों को नुकसान भी पहुंचा है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। ग्रामीण राजू राठौर ने बताया कि ब्लास्टिंग के दौरान एक बड़ा पत्थर उनके घर के अंदर आ गिरा, जबकि परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में मौजूद थे, जिससे वे बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों के अनुसार, दीपका खदान में इस तरह की हैवी ब्लास्टिंग अब रोजमर्रा



का हिस्सा बन गया है। आमतौर पर लोग ब्लास्टिंग के समय घरों से बाहर चले जाते हैं, लेकिन अचानक हुई ब्लास्टिंग के कारण परिवार घर के अंदर ही था। घटना की सूचना तत्काल एसईसीएल दीपका प्रबंधन को दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पत्थर काफी दूर तक उड़े और कई मकानों की छतों को नुकसान पहुंचा। इसके अलावा ग्राम से महज 20 मीटर की दूरी पर खदान का दायरा बढ़ता जा रहा है, जिससे खतरा और भी बढ़ गया है। उल्लेखनीय हैं की दीपका खदान प्रबंधन ने ग्राम के अधिकांश प्रभावितों को मुआवजा दे दिया है, लेकिन अभी भी कई लोग ऐसे हैं जिन्हें न तो मुआवजा मिला है और न ही पुनर्वास की व्यवस्था की गई है। यही कारण है कि ग्राम के कई परिवार आज भी खतरे के साए में रहने को है मजबूर।

# न शर्त थी और न माँग...फिर हड़ताल क्यों?

## क्या पंचायत सचिव संघ सचिवों के भ्रष्टाचार की जांच ना हो जाए...इस वजह से शासन की धमकियों से डरकर निःशर्त हड़ताल वापस लौटने की घोषणा कर गए?

**एक महीने हड़ताल पर बैठने के बाद बिना निर्णय एवं बिना किसी आश्वासन पंचायत सचिव संघ ने हड़ताल से कर ली वापसी**

**पंचायत सचिव संघ के द्वारा हड़ताल से वापसी की घोषणा को लेकर अधिकांश पंचायत सचिवों में आक्रोश**

**पंचायत सचिव ही अपने संघ के पदाधिकारियों की कर रहे हैं बुराई और लगा रहे हैं...गंभीर आरोप**

**बिना पंचायत सचिवों को जानकारी दिए ही अचानक ही सचिव संघ के कुछ पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री से मिलकर बिना शर्त हड़ताल समाप्त कर ली जिसे लेकर पंचायत सचिव मान रहे हैं कि उनके पदाधिकारी भगोड़े हैं:सूत्र**




-संवाददाता-
रायपुर/सरगुजा 26 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

पंचायत सचिव संघ के द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एक महीने से हड़ताल किया जा रहा था, एक महीने से पूरे जिले के पंचायतों का कामकाज ठप्प था और ऐसे में अचानक 17 अप्रैल को पंचायत सचिव संघ का हड़ताल समाप्त हो गया वह भी निःशर्त...ऐसा सोशल मीडिया पर देखने को मिला जब सचिव संघ के पदाधिकारी पंचायत मंत्री विजय शर्मा से मिले और बिना किसी शर्त ही जारी हड़ताल खत्म कर दिया,पर सवाल यह उठता है कि जब बिना किसी शर्त ही हड़ताल पर बैठे थे तो फिर क्यों बैठे थे? जब उनकी कोई मांग ही नहीं थी उनकी कोई शर्त ही नहीं थी तो फिर हड़ताल में बैठने की वजह क्या थी? क्या एक महीने के लंबित काम की संख्या बढ़ाना था या फिर प्रशासन को परेशान करना था? या अपने ही संघ के सचिवों पर काम का बोझ बढ़ाना था? क्योंकि एक महीने के हड़ताल के बाद सभी पंचायत के सचिवों पर काम का बोझ बढ़ गया है,एक महीने के काम का अतिरिक्त भार हो गया है,अब इस काम को वह कैसे जल्दी निपटाएंगे यह तो समय बताएगा पर जो सचिव अपने संघ के पदाधिकारियों के कहने पर हड़ताल पर बैठे थे और यह उम्मीद लगाए बैठे थे कि उनके हितों की मांग करने वाले उनके नेता उन्हें इस हड़ताल का एक अच्छा परिणाम देंगे पर ऐसा कुछ हुआ नहीं यहां तक कि उनके नेता सरकार के सामने झुकते दिखे, बिना शर्त अपना हड़ताल वापस लेते दिखे,अब यह सरकार के दबाव में लिया गया निर्णय था या फिर पंचायत




सचिवों के किए गए भ्रष्टाचार जो अक्सर पंचायत में रहते हैं उसकी जांच करने की धमकी देकर कराया गया? या जबरन वाला निर्णय था यह तो अब पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारी ही जाने पर निःशर्त हड़ताल खत्म करने को लेकर आलोचनाओं में चारों तरफ घिर गए हैं,सचिव संघ के पदाधिकारी उनके सचिव का ही उन पर से भरोसा उठ गया है,और अपने एक महीने के हड़ताल के दौरान जो परेशानी पंचायत सचिवों को झेलनी पड़ी और हड़ताल खत्म होने के बाद जो परेशानी अब काम अधिक होने की वजह से झेलनी पड़ेगी उसे लेकर अब पंचायत सचिव ही अपने पदाधिकारियों को कोस रहे हैं और उन्हें भगोड़ा बता रहे हैं।

### एक महीने के हड़ताल के बीच पंचायत सचिवों पर बढ़ा काम का बोझ

पंचायत सचिवों की हड़ताल पूरे एक महीने चली और बेनतीजा खत्म हो गई या कहा जाए कर ली गई। अब एक महीने के बीच के कई ऐसे काम जो सतत जारी रहने वाले पंचायत स्तर का काम होते हैं का बोझ पंचायत सचिवों पर बढ़ गया है क्योंकि इस बीच वह हड़ताल पर थे और उनके पंचायतों के सतत जारी रहने वाले काम रुके रह गए। इसी बीच सुशासन तिहार का भी शासन स्तर पर आयोजन किया गया और कई या सैकड़ों हजारों आवेदन ग्राम स्तर पर प्राप्त हुए जिनका अब निराकरण पंचायत सचिवों को करना है, कुलमिलाकर पंचायत सचिवों की हड़ताल से उन्हें मिला कुछ नहीं बल्कि उन्हें काम का बोझ इनाम में मिल गया जिसका उन्हें मलाल है।

### बोझ तले दबने के बाद भी उन्हें नहीं मिला कोई आश्वासन

पंचायत सचिव भले ही काम के बोझ तले अब दब जायेगें एक माह के काम और सुशासन तिहार के काम उन्हें जल्द निपटाने होंगे लेकिन उन्हें कोई आश्वासन नहीं मिला हड़ताल के बाद भी यह उनकी नाराजगी का कारण है। कुल मिलाकर वह ऐसा मान रहे हैं कि वह हड़ताल में नहीं जाते तो बेहतर रहता क्योंकि हड़ताल का परिणाम शून्य निकलना उनके संघ और उनकी ताकत का भी एक तरह से अपमान है।

### उनकी मांगों पर क्या होगा सरकार का निर्णय वह तो आने वाले सालों में पता चलेगा

पंचायत सचिवों की मांगों पर सरकार का क्या निर्णय होगा सरकार क्या उन्हें नियमितिकरण की सौगात देगी क्या वह अपनी घोषणा पत्र के वादे को पूरा करेगी यह आने वाला साल बताएगा। अभी सरकार के साढ़े तीन साल बचे हैं और क्या सरकार अपने ही घोषणा पत्र जो चुनाव पूर्व किया गया घोषणा था उसको पूरा करती है कि नहीं यह देखने वाली बात होगी।

### क्या मुख्यमंत्री के रिश्तेदार है पंचायत सचिव संघ के कोई पदाधिकारी जिनके ऊपर बना दबाव और हड़ताल हुआ खत्म?

पंचायत सचिव संघ के कोई पदाधिकारी प्रदेश के मुख्यमंत्री के रिश्तेदार हैं जिनके ऊपर दवाब बना और पंचायत सचिव संघ को हड़ताल बिना शर्त समाप्त करना पड़ा यह भी चर्चा है।



## निजी मेडिकल दुकानों से खरीदनी पड़ रही महंगी दवाएं

-संवाददाता-
कोरबा,26 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

स्व.बिसाहूदास महंत मेडिकल अस्पताल कोरबा में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना के तहत मात्र 5 रुपए में इलाज और निःशुल्क दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस सुविधा से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं और प्राथमिक उपचार प्राप्त कर रहे हैं। हालांकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। बताया जा रहा हैं की अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा लिखी गई अधिकांश दवाएं मेडिकल स्टोर में उपलब्ध नहीं हो रही हैं,जिससे मरीजों को बाहर की निजी मेडिकल दुकानों का रुख करना पड़ रहा है। वहाँ दवाएं महंगे दामों पर बिक रही हैं,जिससे गरीब मरीजों की आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि जो दवाइयाँ अस्पताल स्टोर में अनुपलब्ध हैं,वे अस्पताल परिसर में स्थित निजी मेडिकल दुकानों में सहजता से मिल रही हैं। इससे अस्पताल प्रशासन और निजी दुकानदारों के बीच संभावित मिलीभगत का आरोप लगाया जा रहा हैं। इस स्थिति में सरकार की मंशा और जनहितकारी योजनाओं की सफलता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। यदि समय रहते पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं की गई, तो योजना का उद्देश्य ही विफल हो सकता है। मरीज और उनके परिजन के द्वारा कहा जा रहा हैं की शासन-प्रशासन को चाहिए कि जिला अस्पताल में आवश्यक दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और साथ ही अस्पताल परिसर की निजी मेडिकल दुकानों की जांच कर यह पता लगाया जाए कि कहीं योजनागत दवाओं को जानबूझकर तो रोका नहीं जा रहा है,तभी इस योजना का वास्तविक लाभ गरीब मरीजों को मिल सकेगा।

# आखिर कब तक फर्जी तरीके से जमीन एक दूसरे के नाम पर दर्ज रहेगी...कब राजस्व विभाग सुधरेगा?


**क्या जमीन मालिकों को प्रतिदिन ऑनलाइन चेक करना पड़ेगा की जमीन,उनके नाम है या नहीं,नहीं तो कभी भी किसी के नाम होने की आशंका बनी रहेगी?**


**सरपंच,सचिव एवं पटवारी ने मिलीभगत कर फर्जी ग्रामसभा आयोजित कर जीवित व्यक्ति के जमीन का किया फौती नामांतरण:शिकायतकर्ता**

**नामांतरण में भू-स्वामी की नहीं ली गई सहमति,मामला अब संभाग आयुक्त के न्यायालय में...**

-संवाददाता-
चिरमिरी,26 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।





भू-स्वामियों के लिए स्थिति बत से बतर होती जा रही है क्योंकि राजस्व विभाग की कार्य प्रणाली लोगों के मन में हमेशा ही भय बना कर रखती है,स्थिति यह है कि भू-स्वामी को प्रतिदिन अपना जमीन ऑनलाइन में चेक करते रहना चाहिए नहीं तो कब उनकी जमीन किसके नाम हो जाएगी यह पता भी नहीं चलेगा,ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि ऐसे ही मामले कई बार देखने को मिले हैं, एक मामला अभी सामने आया है जिसमें सरपंच सचिव पटवारी की मिली भगत से ग्रामसभा में फर्जी तरीके से जीवित व्यक्ति की जमीन का फौती,नामांतरण कर दिया गया,जिसकी शिकायत पुलिस सहित राजस्व विभाग को किया गया है,मामला एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत हर्रा नागपुर का है, जहां वर्ष 2017 में तत्कालीन सरपंच श्यामा बाई,सचिव निरंजन कश्यप एवं पटवारी वीरसाय ने बिना भूस्वामी की सहमति के ग्रामसभा आयोजित की और जमीन के स्वामित्व में परिवार के तीन अन्य लोगों के नाम जोड़ने का प्रस्ताव पारित कर दिया। ये इतने पर ही नहीं रुके,बल्कि इन्होंने वर्ष 2021 में भूस्वामी के जीवित रहते हुए पटवारी द्वारा तैयार पंजी प्रस्ताव के आधार पर फौती नामांतरण भी कर दिया। पूरा मामला अब सरगुजा संभाग के आयुक्त के न्यायालय में लंबित है।

मामले की जानकारी देते हुए भूस्वामी स्व. लक्ष्मी नारायण के पुत्र अजीत नारायण ने बताया कि वर्ष 1971 में उनके नाना ने उनके पिता लक्ष्मीरायण के नाम से ग्राम पंचायत हर्रा नागपुर में खसरा नंबर-82, रकबा 0.134 हेक्टेयर,खसरा नंबर-163, रकबा 0.1740, हेक्टेयर,खसरा नंबर-178,रकबा 0.3240,हेक्टेयर जमीन खरीदी। लेकिन उस समय उसके पिता नाबालिग थे,इसलिए केयरटेकर के तौर पर उनकी माता गुलाबी देवी का नाम दर्ज कराया। अजीत नारायण ने आगे बताया कि उनके चाचा सत्यनारायण,वीर नारायण और दीप नारायण ने वर्ष 2017 में ग्राम पंचायत हर्रा नागपुर की सरपंच श्यामा बाई,सचिव निरंजन कश्यप और पटवारी वीर साय से मिलीभगत कर फर्जी ग्राम सभा आयोजित कर जमीन को उनकी दादी गुलाबी देवी का बताते हुए अपना नाम जुड़वाने का प्रस्ताव पास करा लिया। जबकि इस प्रस्ताव में उनके पिता के न तो हस्ताक्षर है और न ही उनकी कोई सहमति ली गई। इसके साथ ही उन्होंने उनके पिता के जीवित रहते फावती नामांतरण भी करा लिया। अजीत नारायण ने सवाल उठते हुए कहा है कि यदि उपरोक्त जमीन उनकी दादी गुलाबी देवी की थी,तो फिर इसमें उनकी बुआ शांति,मालती और कांति का नाम क्यों जोड़ा नहीं गया? बरहहाल अब पूरा मामला सरगुजा संभाग के आयुक्त के न्यायालय में है,जहां से अजीत नारायण को न्याय मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही अजीत नारायण ने पूरे मामले में ग्राम पंचायत हर्रा नागपुर के तत्कालीन सरपंच श्यामा बाई, सचिव निरंजन कश्यप एवं पटवारी वीर साय की भूमिका की जांच कर उन्हें दंडित करने की मांग भी की है।

## जिला पंचायत डाटा सेंटर में शार्ट सर्किट से आगजनी की घटना हुई घटित

-संवाददाता-
सूरजपुर,26 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।



कार्यालय जिला पंचायत सूरजपुर के डाटा सेंटर में दिनांक 24 अप्रैल 2025 में हुई आगजनी की घटना को साजिश बताते हुए, कुछ दैनिक समाचार पत्र/वेब पोर्टल में एकपक्षीय भ्रामक समाचार प्रकाशित किया गया था । विदित हो कि कार्यालय जिला पंचायत सूरजपुर में घटित आकस्मिक आगजनी की घटना के कारणों की जांच हेतु गठित दल के जांच प्रतिवेदन अनुसार दुर्घटना का कारण,कक्ष में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम के आंतरिक भागों में तापाधिक्य के कारण शार्टसर्किट होना पाया गया है। विविध वेब पोर्टल व अन्य माध्यम द्वारा एकपक्षीय दावा किया जा रहा है कि साजिश के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया है, जिसमें कार्यालय के अभिलेख जलकर नष्ट हुए हैं तथा कार्यालय में आगजनी को नियंत्रित करने कोई व्यवस्था नहीं थी। इस सम्बंध में अवगत कराया जाता है कि साजिश के आरोप पूर्णतः निराधार है, कार्यालयीन नस्तियां व अभिलेख पूर्णतः सुरक्षित हैं, उन्हें किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है। यह भी अवगत कराया जाता है कि कार्यालय में यथोचित संख्या में फायर एक्सटिंग्विशर (अग्नि शामक यंत्र) उपलब्ध थे,जिनकी सहायता से आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया,साथ ही जिला सेनानी नगर सेना व उनकी टीम के त्वरित कार्यवाही से आग पर समय रहते नियंत्रण कर लिया गया था। अतः उपरोक्त संबंध में दैनिक समाचार पत्रों/वेब चैनलों में प्रकाशित एकपक्षीय व भ्रामक समाचार का खंडन किया जाता है।

## सूरजपुर में अवैध वृक्ष कटाई के खिलाफ पंकज तिवारी का ज्ञापन

-संवाददाता-
सूरजपुर 26 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंकज तिवारी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप वृक्षों की अवैध कटाई के संबंध में पत्र लिखा है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि इन दिनों सूरजपुर जिले में धडल्ले से नीलगिरी के वृक्षों की कटाई की जा रही है। क्या शासन की ओर से इस आशय का कोई आदेश पारित किया गया है क्या आपके द्वारा वृक्षों की कटाई का कोई लिखित आदेश जारी किया गया है। सूरजपुर जिले के आदिवासी व किसानों से मात्र 4.00 (चार) रूपये प्रति किलो की दर पर अपने मनमानी तरीके से तौल कर भुगतान किया जा रहा है। नीलगिरी के आड़ में इमारती लकडियों की भी कटाई की जा रही है। सूरजपुर स्थित मानपुर चौक में डिपो बनाकर भारी मात्रा में वृक्षों को एकत्रित किया गया है क्या उक्त भूमि की अनुमति आपके कार्यालय से दी गई है या किसी अन्य कार्यालय से जारी की गई है। एक तरफ जहाँ एक बड़ा आदिवासी वर्ग जंगल बचाने आदानी ग्रुप से हर दिन खनी संघर्ष कर रहा है उसी जिले में वृक्षों की बेतरतीब कटाई सूरजपुर के सम्मान के विरूद्ध है जिसे हर हाल में बचाना हमारी जिम्मेदारी है। मैं आग्रह करता हूँ कि ऐसे किसी भी कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद किया जावे। अन्यथा मैं माननीय उच्च न्यायालय के शरण में जाने एवं उग्र आन्दोलन के लिये बाध्य होउंगा।

## पहाड़ी कोरवा से हैवानियत झाड़-फूंक के बहाने किया गैंग रेप

-संवाददाता-
जशपुर,26 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।



जिले से एक बार फिर रिश्ते को शर्मशार कर देने वाला मामला सामने आया है। जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र में एक पहाड़ी कोरवा युवती को किसी बीमारी के इलाज के नाम पर झाड़-फूंक के दौरान नशे की दवा खिलाकर सामूहिक दुष्कर्म कर गर्भवती किए जाने की शिकायत की गई है।

दरअसल बगीचा पुलिस से शिकायत करते हुए पीड़िता ने कार्यवाही की मांग की है। मामले में जशपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के गिरफ्तारी के निर्देश दिए। सके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए, बगीचा पुलिस ने सामुहिक दुष्कर्म के मामले में शामिल आरोपी किशोर पण्डा पिता भोकोल उम्र 35 वर्ष साकिन बगडोल थाना बगीचा और दूसरे आरोपी दिलेश्वर यादव ऊर्फ दिले पिता महेश्वर उम्र 35 वर्ष साकिन लोटा को गिरफ्तार किया है।

### थम नहीं रही वारदातें

सरगुजा जिले में अपराध का ग्राफ कुछ ही महीनों में तीन गुना हो गया है। इसमें बलात्कार की घटनाएं सबसे ज्यादा है। सरगुजा में ही एक नाबालिग का नग्न शव मिला है। इसके साथ भी दुष्कर्म किया गया है।

## संक्षिप्त खेल खबर

### भारत ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियन शिप में 43 पदक किया पक्का



**अम्मान,26 अप्रैल 2025।** टीम इंडिया ने विश्व मुक्केबाजी के तहत नव मान्यता प्राप्त एशियाई मुक्केबाजी निकाय द्वारा आयोजित उद्घाटन एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 43 पदक पक्के किए हैं, जिसमें 7वें दिन चार और मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। भारत ने अब अंडर-15 श्रेणी में कम से कम 25 पदक और अंडर-17 में 18 पदक पक्के किए हैं, क्योंकि सभी सेमीफाइनलिस्ट कांस्य पदक पक्के हैं। अमन सिवाच (63 किग्रा) और देवांश (80 किग्रा) ने अंडर-17 लड़कों के वर्ग में बढ़त बनाई, दोनों ने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के अंतिम सेट में क्रमशः फिलीपींस और जॉर्डन के प्रतिद्वंद्वियों पर रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट (आरएससी) जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने जॉर्डन की अया अलहसनत पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की, जबकि हिमांशी (70 किग्रा) ने फिलिस्तीन की फराह अबू लैला के खिलाफ आरएससी के साथ पहले ही दौर में अपना मुकाबला समाप्त कर दिया, और अपने साथियों के साथ अंतिम दौर में शामिल हो गईं।

### आईपीएल 2025 का सबसे बेहतरीन कैच, कामिंडू मेंडिस को बधाई

**हैदराबाद,26 अप्रैल 2025।** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी कामिंडू मेंडिस का सीएसके के खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रीव्स की गेंद को कैच करने का वीडियो वायरल हो रहा है। श्रीलंका के कामिंडू मेंडिस सनराइजर्स हैदराबाद टीम के लिए खेलते हैं। आईपीएल के 43वें मैच



में चेन्नई ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 154 रन पर सभी 10 विकेट खो दिए, जबकि हैदराबाद ने 18.4 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह चेन्नई की घरेलू मैदान पर चौथी हार थी। हर्षल पटेल द्वारा फेंके गए ओवर में डेवाल्ड ब्रीव्स की गेंद पर लॉन्ग-ऑफ फील्डिंग पर खड़े कामिंडू मेंडिस ने छलांग लगाकर कैच लपका। इस कैच ने खेल को बदल दिया। कमिंडू मेंडिस के इस कैच की कई लोग तारीफ कर रहे हैं। कमेंटेटर और क्रिकेट प्रशंसक इसे इस आईपीएल का सबसे बेहतरीन कैच बता रहे हैं।

# भारत और श्रीलंका के बीच मैच आज

» ट्राई सीरीज के पहले मैच में ऐसी हो सकती है भारत की प्लेइंग 11

» क्या इस खिलाड़ी को मिलेगा डेब्यू का मौका?

**कोलंबो,26 अप्रैल 2025।** भारत में महिला वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन होगा। इसके लिए 8 टीमें ने क्वालीफाई भी कर लिया है। इस अहम टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए भारतीय महिला टीम ट्राई सीरीज में हिस्सा लेगी, जहां वह श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के खिलाफ के खिलाफ मुकाबले खेलेगी। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का पहला मुकाबला 27 अप्रैल को कोलंबो में होगा। पहले मैच में भारतीय महिला टीम की प्लेइंग इलेवन कैसी हो सकती है।

#### ऐसी हो सकती है ओपनिंग जोड़ी

भारत की बल्लेबाजी हमेशा से ही उसकी मजबूती रही है। भारत ने हाल ही में वेस्टइंडीज और आयरलैंड को हराया था और वह जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी। श्रीलंका के खिलाफ मैच में स्मृति मंधाना और प्रीतिका रावल ओपनिंग करती हुई नजर आ सकती हैं। प्रीतिका पिछले





कुछ समय से भारतीय टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उनके बल्ले से खूब रन निकल रहे हैं। तीसरे नंबर पर हरलीन देयोल को चांस मिल सकता है। चौथे नंबर पर कप्तान हरमनप्रीत कौर उतर सकती हैं। वह बड़ी पारियां खेलने में माहिर हैं। जेमिमा रोड्रिगेज को भी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया जा सकता है और विकेटकीपर की जिम्मेदारी ऋचा घोष को सौंपी जा सकती है। ऋचा चंद गेंदों में ही मैच का रुख बदलने में माहिर हैं।

#### अरुंधति रेड्डी पर गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी

टिटास साधु,रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर चोटों के कारण इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं हैं। इसी वजह से भारतीय तेज गेंदबाजी अरुंधति रेड्डी पर निर्भर है। उनका साथ देने के लिए टीम में अमनजोत कौर को भी मौका मिल सकता है। दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा को चांस दिया जा सकता है।

#### काशवी गौतम को मिल सकता है डेब्यू का मौका

भारत के लिए महिला अंडर-19 का खिताब जीतने वाली काशवी गौतम ने वुमेंस प्रीमियर लीग में कमाल का प्रदर्शन किया था। उन्होंने 6.45 की इकॉनमी रेट से नौ मैचों में 11 विकेट लिए। उनके प्रदर्शन को देखते हुए भी उन्हें भारत की तरफ से डेब्यू का चांस दिया जा सकता है।

#### श्रीलंका के खिलाफ भारतीय महिला टीम की संभावित प्लेइंग इलेवन:

हरमनप्रीत कौर (कप्तान),स्मृति मंधाना, प्रीतिका रावल,हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिगेज,ऋचा घोष (विकेटकीपर),अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर,दीप्ति शर्मा,स्नेह राणा और काशवी गौतम।

# पाकिस्तान की फिर हुई फजीहत





#### पैसा ना चुका पाने की वजह से झेलनी पड़ी भयंकर बेइज्जती

**मुलतान ,26 अप्रैल 2025।** हॉकी में सुल्तान अजलान शाह कप का आयोजन हर हाल मलेशिया देश करता है। अब साल 2025 के लिए होने वाले अजलान शाह कप के लिए पाकिस्तानी हॉकी टीम को आमंत्रित नहीं किया गया है, क्योंकि पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने जोहर हॉकी संघ को 10,349 अमेरिकी डॉलर के बकाए का भुगतान नहीं किया है। इसी वजह से मलेशिया हॉकी महासंघ ने ये बड़ा फैसला लिया है। सुल्तान अजलान शाह कप का आयोजन 22 से 29 नवंबर तक इपोह में होना है।

#### जोहर हॉकी कप खेलने के लिए मलेशिया गई थी पाकिस्तानी हॉकी टीम

पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के एक सूत्र ने कहा कि जोहर संघ ने पीएचएफ को आधिकारिक पत्र भेजा है जिसमें अक्टूबर 2023 में टीम के साथ मलेशिया गए पीएचएफ अधिकारियों और उनके परिवारों के आवास, सफर और अन्य खर्चों के लिए भुगतान की जाने वाली राशि के बारे में सख्त लहजे में बताया गया है। पाकिस्तान की टीम जोहर हॉकी कप खेलने के लिए मलेशिया गई थी और पीएचएफ के कुछ अधिकारी और उनके परिवार भी टीम के साथ गए थे।सूत्र ने बताया कि टीम के ठहरने और अन्य खर्चों का वहन आयोजकों को उठाना था, लेकिन पीएचएफ के अधिकारियों को बता दिया गया था कि उन्हें अपने सभी खर्च खुद ही उठाने होंगे। ये अधिकारी भी उसी आलीशान होटल में रुके थे जहां टीमें ठहरी हुई थीं। इसमें पीएचएफ के पूर्व अध्यक्ष भी शामिल थे।

#### पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन पहले ही तंगी से जूझ रहा

जोहर संघ ने पहले ही इस मुद्दे को मलेशिया महासंघ के समक्ष उठाया है और धमकी दी है कि अगर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया तो वे इस मामले को आईएचएफ (इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन) के समक्ष ले जाएंगे। सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के मौजूदा अध्यक्ष और उनकी टीम इस मामले को लेकर परेशानी में है, क्योंकि फेडरेशन पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और उन्हें पीएचएफ के पूर्व अधिकारियों द्वारा किए गए इन खर्चों के बारे में जानकारी नहीं थी।

### आईपीएल उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन बनना भी संभव है:रिंकू सिंह

**नई दिल्ली,26 अप्रैल 2025।** भारत और कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने माना है कि आईपीएल इतना परिपक्व हो गया है कि मौजूदा टूर्नामेंट में 300 रन बनना भी संभव है।



आईपीएल दुनिया में फ्रेंचाइजी टी20 लीग का शिखर रहा है और 2008 में अपनी शुरुआत के बाद से इसने उस मानक को बनाए रखा है। दुनिया के शीर्ष प्रतिभाशाली खिलाड़ी इस लीग में खेलते हैं और यह सबसे छोटे प्रारूप में सबसे प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंटों में से एक है। रिंकू ने टीम के 300 रन के आंकड़े को पार करने की संभावना का समर्थन किया और पिछले सफल चेज को इस बात का सबूत बताया कि खेल कैसे विकसित हुआ है। रिंकू ने जियो हॉटस्टार के जेन बोल्ड पर कहा, ÷हां, हम ऐसा कर सकते हैं। आईपीएल उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन भी संभव है; पिछले साल,पंजाब ने कुल 262 रन का पीछा किया था। इस सीजन में सभी टीमें मजबूत हैं...कोई भी 300 रन तक पहुंच सकता है। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने फिनिशरर के रूप में अपनी भूमिका पर विचार किया,फिटनेस और संयम पर अंतर्दृष्टि साझा की।

### 12वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला रग्बी 7 चैंपियनशिप में बिहार की जीत

**गुवाहाटी,26 अप्रैल 2025।** बिहार ने गत चैंपियन ओडिशा को 21-12 से हराकर 12वीं सीनियर नेशनल रग्बी 7 चैंपियनशिप (महिला) का खिताब अपने नाम कर लिया। यह बिहार का दूसरा राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब है, जिसने 2022 में घरेलू धरती पर इसे जीता था। कांस्य पदक के लिए भी मुकाबला काफी करीबी रहा, जिसमें महाराष्ट्र ने दिल्ली को 14-5 से हराकर अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा। ओडिशा की सुनीता




हंसदा 13 प्रयासों के साथ प्रतियोगिता की शीर्ष स्कोरर बनीं, जबकि बिहार की अंशु कुमारी और आरती कुमारी 12 प्रयासों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। महिला प्रतियोगिता के समापन पर बोलते हुए, भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (IRFU) के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा,12वीं सीनियर नेशनल में टीमों के बीच कुछ भयंकर मुकाबले देखने को मिले और यह पिछले कुछ वर्षों में देश में महिला रग्बी की प्रगति का प्रमाण था। 24 राज्यों की सभी टीमें मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए बधाई की पात्र हैं। सभी पदक विजेताओं और विशेष रूप से बिहार को अपनी दूसरी राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने पर बहुत-बहुत बधाई। बिहार ने महिला रग्बी में जो प्रगति की है,वह किसी भी आने वाले राज्य के लिए एक उदाहरण है,÷ उन्होंने कहा। बोस ने प्रतियोगिता की मेजबानी में प्रदान किए गए व्यापक समर्थन के लिए असम सरकार को भी धन्यवाद दिया। असम टीम के प्रदर्शन और असम में प्रतियोगिता की मेजबानी पर बोलते हुए, असम रग्बी एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेंद्र नारायण कलिता ने कहा,पिछले दो दिनों में रग्बी की रोमांचक स्पर्धा की मेजबानी करना राज्य के लिए सम्मान की बात है और असम की महिला टीम द्वारा दिखाए गए संघर्ष को देखकर बहुत खुशी हुई, जिन्होंने पिछली प्रतियोगिता से अपनी रैंकिंग में 5 स्थान का सुधार किया और 13वें स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता की मेजबानी ने हमें अनुभव और खुशी दी है, और हम हर प्रतियोगिता के साथ नई ऊंचाइयों को छूने के अपने प्रयास जारी रखेंगे। महिलाओं की प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद,अब पुरुष वर्ग की बारी है, जहां 26 राज्य 27 और 28 अप्रैल को चैंपियन बनने के लिए मुकाबला करेंगे।

# डीसी और आरसीबी एक उच्च-दांव वाले मुकाबले में आमने-सामने होंगे

**नई दिल्ली,26 अप्रैल 2025।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) रविवार शाम को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले आईपीएल 2025 के एक उच्च-दांव वाले मुकाबले में जब आमने-सामने होंगे,तो उत्साह और उम्मीद का माहौल रहेगा। दोनों टीमें अच्छी स्थिति में हैं और यह इस बात से पता चलता है कि उनके पास 12-12 अंक हैं -हालांकि डीसी नेट रन रेट के आधार पर आरसीबी से आगे हैं और उनसे एक हार कम है। आरसीबी ने नई दिल्ली में डीसी के खिलाफ अपने दस मुकाबलों में से छह जीते हैं, दोनों टीमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपने प्रदर्शन के मामले में सचमुच एक-दूसरे से बराबरी पर हैं।

क्रिकेट-21 के आंकड़ों के अनुसार, बैटिंग पावर-प्ले में आरसीबी का स्ट्राइक-रेट (161) और रन-रेट (9.7) डीसी (क्रमशः 155 और 9.3) से बेहतर है, जिसका श्रेय विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल को जाता है जो शानदार फॉर्म में हैं। लेकिन जब बात मिडिल और डेथ ओवरों में बैटिंग की आती है, तो डीसी का पलड़ा भारी रहता है। केएल राहुल, अक्षर पटेल, ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा की दमदार बल्लेबाजी के साथ, डीसी का स्ट्राइक-रेट 152 और मिडिल ओवरों में रन-रेट 9.1 है, जो उस चरण में आरसीबी (क्रमशः 139 और 8.3) से ज्यादा है। आखिरी पांच ओवरों में,डीसी का स्ट्राइक-रेट 205 और रन-रेट 12.3 है, जो फिर से आरसीबी के आंकड़ों (क्रमशः 190 और 11.4) से ज्यादा है।

जब पिछली बार ये दोनों टीमें एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भिड़ी थीं, तो राहुल के नाबाद 93 और स्टब्स के नाबाद 38 रनों ने डीसी को पावरप्ले में तीन विकेट खोने के बाद मुश्किल से बाहर निकाला और उन्हें आश्चर्यजनक जीत की राह पर ला खड़ा किया था। कोटला में स्पिनरों के लिए कुछ खरीद की पेशकश के साथ, जिसका आउटफील्ड तेज है और आकार छोटा है,डीसी मध्य में अपनी मारक क्षमता पर भरोसा करेगा यदि उन्हें आरसीबी के शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी को मात देनी है। गेंदबाजी के मामले में,यह थोड़े समायोजन के साथ लगभग वही कहानी है। आरसीबी का इकॉनमी रेट (8.3) बेहतर है और उसने पावरप्ले में डीसी (9.8 इकॉनमी रेट और 12 स्कैल्प) की तुलना में अधिक विकेट (15) लिए हैं। हालांकि आरसीबी ने बीच के



ओवरों में 23 विकेट लिए हैं,जो डीसी से एक अधिक है, लेकिन मेजबानों का इकॉनमी रेट (8.5) आगंतुकों (8.8) की तुलना में बेहतर है।

डेथ ओवरों में, फिर से आरसीबी (17) ने डीसी (14) की तुलना में अधिक विकेट लिए, लेकिन मेजबान टीम का इकॉनमी रेट (9.5) मेहमान टीम (10) की तुलना में बेहतर है। कौन जानता है कि रन-फेस्ट में, रविवार के मैच का नतीजा गेंदबाजों के प्रदर्शन से तय होगा। डीसी को अक्षर, कुलदीप यादव, मिशेल स्टार्क और विप्रज निगम का आशीर्वाद मिला है, जो महत्वपूर्ण परिस्थितियों में अपनी पकड़ बनाए रखते हैं, जबकि आरसीबी के पास जोश हेजलवुड,भुवनेश्वर कुमार,क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा की सेवाएं हैं,जो इस सीजन की पहली घरेलू जीत की खुशी का लाभ उठा सकते हैं।

डीसी के खिलाफ अपने मैच से पहले जब आरसीबी दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरी, तो प्रशंसक तुरंत ही निकास क्षेत्र में उमड़ पड़े और स्थानीय खिलाड़ी कोहली का नाम पुकारने लगे। अपने घरेलू मैदान पर छह आईपीएल अर्द्धशतक लगाने वाले करिश्माई बल्लेबाज रविवार को फिर से आकर्षण का केंद्र होंगे। यह देखना अभी बाकी है कि कोहली के लिए प्यार और समर्थन दिल्ली के क्रिकेट प्रशंसकों में राहुल के लिए नई-नई प्रशंसा को पीछे छोड़ पाएगा या नहीं, जिन्होंने आरसीबी और चिन्नास्वामी को छोड़कर शानदार बल्लेबाजी की और यह मेरा मैदान है जश्न मनाया। नई दिल्ली में डीसी-आरसीबी के बीच मुकाबला रोमांचक होने के सभी तत्व मौजूद हैं, क्योंकि दोनों टीमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी के आंकड़ों में लगभग बराबर हैं। रविवार को, उच्च आशावाद और घबराहट भरे माहौल के बीच,कई दिलचस्प सबप्लॉट होंगे,जिन पर नजर रखनी होगी,क्योंकि इस महत्वपूर्ण मुकाबले में केवल एक टीम ही जीतेगी। कब÷ रविवार,27 अप्रैल को शाम 7÷30 बजे कहां अरुण जेटली स्टेडियम, नई दिल्ली कहां देखें स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव टेलीकास्ट और जियोहॉटस्टार पर लाइव स्ट्रीमिंग। दस्ते÷ दिल्ली कैपिटल्स अक्षर पटेल (कप्तान),फाफ डु प्लेसिस,केएल राहुल, कुलदीप यादव,ट्रिस्टन स्टब्स,अभिषेक पोरेल,मिशेल स्टार्क,विप्रज निगम,करुण नायर,आशुतोष शर्मा,मोहित शर्मा,मुकेश कुमार,जेक फ्रेजर-मैकगर्क,समीर रिजवी,टी. नटराजन,दर्शन नालकंडे, दुष्मंथा चमीरा,डोनोवन फरेरा,अजय मंडल,मनवंत कुमार,त्रिपुराना विजय और माधव तिवारी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट,विराट कोहली,देवदत्त पडिक्कल,लियाम लिविंगस्टोन,जितेश शर्मा,टिम डेविड,क्रुणाल पंड्या,भुवनेश्वर कुमार,जोश हेजलवुड,यश दयाल, सुयश शर्मा,रसिख दार सलाम,मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह,अभिनंदन सिंह, रोमारियो शेफर्ड, लुंगी एनगिडी, नुवान तुषारा, मोहित राठी,स्वास्तिक चिकारा।

# केसरी वीर फिल्म में दिखेगा सुनील शेट्टी का दमदार अवतार




बॉलीवुड के दमदार अभिनेता सुनील शेट्टी एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपने एकशन अवतार में लौट रहे हैं, लेकिन इस बार एक ऐतिहासिक योद्धा के रूप में। उनकी आने वाली फिल्म 'केसरी वीर लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' न केवल एक भव्य पीरियड ड्रामा है, बल्कि भारतीय इतिहास के गौरवशाली और वीरतापूर्ण अध्याय को जीवंत करने की कोशिश भी है। फिल्म में सुनील शेट्टी एक निडर योद्धा 'वेगड़ा जी' की भूमिका निभा रहे हैं,जो सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए आखिरी सांस तक लड़ता है। हाल ही में जारी किए गए पोस्टर में उनका लुक रौंगटे खड़े कर देने वाला है–हाथ में खून से लथपथ कुल्हाड़ी,चेहरे पर युद्ध की आग और पीछे मैदान में गूंजता युद्ध का माहौल,जिसमें सोमनाथ मंदिर की गरिमा दमक रही है। इस फिल्म की खास बात है इसकी बेहतरीन स्टारकास्ट। जहां सूरज पंचोली एक युवा राजपूत राजकुमार वीर हमीरजी गोहिल के रूप में उभरते नायक के रोल में दिखाई देंगे,वहीं विवेक ओबेरॉय शक्तिशाली खलनायक 'ज़फ़र' की भूमिका में रोमांच पैदा करेंगे। पहली बार पर्दे पर नजर आ रहीं आकांक्षा शर्मा सूरज के किरदार के साथ एक गहरी भावनात्मक लय जोड़ती हैं, जो फिल्म की कहानी को और अधिक दिल से जोड़ती है। निर्देशक और निर्माता कानू चौहान की यह पेशकश, चौहान स्टूडियोज और पैनोरमा स्टूडियोज के सहयोग से,भारतीय इतिहास की उस गाथा को सामने लाती है,जिसे फिल्मों में कम ही छुआ गया है। 'केसरी वीरः लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक श्रद्धांजलि है उन असंख्य वीरों को जिन्होंने अपनी मातृभूमि और आस्था की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दे दी। यह ऐतिहासिक युद्धगाथा 16 मई 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी–एक ऐसा अनुभव जो दर्शकों को रोमांच,भावना और गर्व से भर देगा।

# प्रॉपर्टी गिरवी रखकर बेटे को किया लॉन्च,डेब्यू से बना रातोंरात स्टार



फिल्म निर्माता राकेश रोशन ने अपने करियर की शुरुआत एक अभिनेता के रूप में की थी। उन्होंने 1970 और 1980 के दशक में 84 से अधिक फिल्मों में काम किया। राकेश रोशन को मुख्य रूप से बड़े बजट की फिल्मों में सपोर्टिंग रोल के लिए जाने जाते थे। उसके बाद उन्होंने निर्माता, निर्देशक और स्क्रीन राइटर बन अपना काम शुरू किया। हाल ही में रिलीज हुई डॉक्यूमेंट्री %द रोशन्स में% यह दिखाया गया था कि कैसे राकेश रोशन को एक निर्देशक के रूप में कठिन समय का सामना करना पड़ा और अब, उनकी बेटी सुनैना रोशन ने भी राकेश रोशन के संघर्षों पर बात की और बताया है कि कैसे वह अपने बेटे ऋतिक रोशन के बॉलीवुड डेब्यू के लिए सब कुछ दांव पर लगाने को तैयार थे।फिल्म निर्माता राकेश रोशन ने अपने करियर की शुरुआत एक अभिनेता के रूप में की थी। उन्होंने 1970 और 1980 के दशक में 84 से अधिक फिल्मों में काम किया। राकेश रोशन को मुख्य रूप से बड़े बजट की फिल्मों में सपोर्टिंग रोल के लिए जाने जाते थे। उसके बाद उन्होंने निर्माता, निर्देशक और स्क्रीन राइटर बन अपना काम शुरू किया। हाल ही में रिलीज हुई डॉक्यूमेंट्री %द रोशन्स में% यह दिखाया गया था कि कैसे राकेश रोशन को एक निर्देशक के रूप में कठिन समय का सामना करना पड़ा और अब, उनकी बेटी सुनैना रोशन ने भी राकेश रोशन के संघर्षों पर बात की और बताया है कि कैसे वह अपने बेटे ऋतिक रोशन के बॉलीवुड डेब्यू के लिए सब कुछ दांव पर लगाने को तैयार थे।

#### बेटे को हीरो बनाने के लिए गिरवी रखा घर-कार

ऋतिक रोशन और उनके पिता राकेश रोशन दोनों ही पहले भी अपनी आर्थिक समस्या के बारे में खुलकर बात कर चुके हैं। राकेश रोशन ने एक बार मिड-डे से कहा था, %ऋतिक को कभी पता नहीं चला, मैंने उसे कभी नहीं बताया। सिर्फ मेरी पत्नी को ही इस बारे में पता था। मैंने कहा कि मैं घर गिरवी रख रहा हूं, अगर जरूरत पड़ी तो शायद पैसे ले लूंगा, नहीं तो मैं किसी तरह से काम चला लूंगा। लेकिन, ऐसा हुआ कि मैंने अपने पास पड़े हुए पैसों से काम चला लिया। अगर फिल्म अच्छी नहीं चलती तो मुझे कहीं और शिफ्ट होना पड़ता।% डॉक्यूमेंट्री %द रोशन्स% में ऋतिक रोशन ने उस मार्मिक वक्त के बारे में भी बताया जब उन्हें पता चला कि उनके परिवार ने उनके लिए क्या-क्या दांव पर लगाया था।

#### पिता के फैसले ने ऋतिक रोशन को बना दिया सुपरस्टार

ऋतिक रोशन ने 2000 में %कहो ना प्यार है% से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। राकेश रोशन द्वारा निर्देशित, लिखित और निर्मित इस फिल्म का बजट 10 करोड़ रुपये था। रिलीज के बाद, फिल्म इतनी सुपरहिट हुई कि इसने बॉक्स ऑफिस पर 80 करोड़ रुपये कमाए और ऋतिक रोशन को रातोंरात स्टार बना दिया। राकेश रोशन ने अपने इकलौते बेटे पर दांव लगाया और आखिरकार सालों बाद ऋतिक रोशन ने खुद को सुपरस्टार के रूप में स्थापित किया।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### सांसद मनोज तिवारी मिले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से



**रायपुर,26 अप्रैल 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज लोकसभा सांसद मनोज तिवारी की सौजन्य मुलाकात हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर तिवारी का पारंपरिक शाल ओढ़ाकर तथा छत्तीसगढ़ की विशिष्ट बेलमेटल कला से निर्मित नंदी की प्रतिमा भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

### भरत वर्मा वेंटिलेटर सपोर्ट में, गृहमंत्री विजय शर्मा और बीजेपी नेताओं ने जाना हाल चाल



**रायपुर,26 अप्रैल 2025(ए)।** आज आज प्रदेश अध्यक्ष किरण देव,प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने रायपुर के एमएमआई नारायणा अस्पताल पहुंचकर भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा का कुशलक्षेम जाना। बता दें कि मां बम्लेश्वरी धाम में रोपवे की एक ट्रॉली अचानक टूटकर जमीन पर गिर गई। इस हादसे में भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रायपुर ले जाया गया है। वहीं पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा इस हादसे में बाल-बाल बच गए।

### नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई 5 वें दिन भी जारी



#### आईईडी की चपेट में आने से जवान घायल, 10 हजार से अधिक जवानों के घेरे में लगभग 1500 माओवादी

**बीजापुर,26 अप्रैल 2025(ए)।** बीजापुर-तेलांगना बॉर्डर पर 'लाल आतंक' के खिलाफ सबसे बड़े अभियान का आज 5वां दिन है। इसी बीच गलगम के जंगल में डीआरजी का एक जवान नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में जवान के पैरों में गंभीर चोट आई है। फिलहाल घायल जवान को तत्काल गलगम सीआरपीएफ कैंप में प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर से बीजापुर अस्पताल लेजाने की तैयारी की जा रही है।

### तीन करोड़ घोटालेबाज राज कुमार वर्मा ने दी नगर पंचायत सीएमओ को गन्दी गालियां




#### मल्हार में हड़कंप,विधायक लहरिया बोले निंदनीय कार्य कार्यवाही होनी चाहिए...

**बिलासपुर,26 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की नगर पंचायत मल्हार में एक ऐसी शर्मनाक घटना सामने आई है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। करोड़ों के घोटाले में 'फरार' चल रहे आरोपी राजकुमार वर्मा ने खुलेआम मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनीष सिंह ठाकुर के साथ अभद्रता की, गालियाँ दीं और यहाँ तक कि उनका मोबाइल तक छीन लिया। यह घटना सिर्फ एक अधिकारी पर हमला नहीं, बल्कि उस सिस्टम की विफलता का प्रमाण है जो ऐसे 'दबंग' लोगों को बेखौफ घूमने और शासकीय कार्यों में बाधा डालने की छूट दे रहा है।

# 2000 पाकिस्तानी नागरिकों के लिए बड़ा ऐलान

**सरकार ने पाकिस्तान से भारत आए लोगों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दे दिया है...इस फैसले के अनुसार राज्यों में कार्यवाही शुरू कर दी गई है...इसी कड़ी में सीएम साय ने छत्तीसगढ़ में भी रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को जल्द से जल्द राज्य छोड़ने के आदेश दिए...**



**रायपुर,26 अप्रैल 2025(ए)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश दिए हैं। इस फैसले के बाद राज्यों की एजेंसियों ने तेजी से पाकिस्तान से आए नागरिकों की निगरानी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में करीब 2000 पाकिस्तानी मूल के लोग रह रहे हैं, जिनमें से करीब 1800 केवल राजधानी रायपुर में ही बसे हुए हैं। इनमें से लगभग 95 फीसदी लोग सिंधी समाज से ताल्लुक रखते हैं,जबकि बाकी मुस्लिम समुदाय के हैं।

#### सीएम साय का बड़ा बयान

वहीं इस मामले पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बड़ा बयान सामने आया है, उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में रह रहे पाकिस्तान मूल के नागरिकों को जल्द ही राज्य छोड़ना पड़ेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देशों का सख्ती से पालन होगा। सभी शॉर्ट वीजा रद्द कर दिए गए हैं और पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है, जबकि मेडिकल वीजा धारकों को 29 अप्रैल तक की मोहलत दी गई है।

#### राजधानी के इन इलाकों में पाकिस्तानियों की संख्या ज्यादा

वहीं दीर्घकालिक वीजा पर रह रहे हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को राहत दी गई है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी राज्यों को कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं। रायपुर के सड्डू,महावीरनगर, बोरियाकला और माना रोड जैसे इलाकों में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी मूल के लोग बसे हैं, जिनमें से कई अभी भी नागरिकता प्रक्रिया में हैं।

### सार्क वीजा पर सख्ती, एलटीवी धारकों को राहत

सरकार ने स्पष्ट किया है कि दीर्घकालिक वीजा पर भारत में रह रहे हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को फिलहाल देश छोड़ने की जरूरत नहीं है। उनके वीजा रद्द नहीं किए जाएंगे। लेकिन जो लोग विजिटर,बिजनेस,मेडिकल, धार्मिक या सार्क वीजा के तहत आए हैं, उन्हें लेकर अब कड़ी जांच हो रही है।

## सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से करें निराकरण

**रायपुर,26 अप्रैल 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में राजस्व विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए आम नागरिकों को राजस्व सेवाओं का त्वरित और सहज लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने फौती नामांतरण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि विधिक वारिसान के पक्ष में फौती नामांतरण समय पर सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टरों को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तय समय सीमा में नामांतरण न होने पर संबंधित पटवारियों की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्यवाही करें।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आरबीसी 6-4 के अंतर्गत पीड़ित परिवारों को तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इसके लिए विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही में विलंब न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रभावित परिवारों को लंबे समय तक भटकना न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को इसकी सतत निगरानी करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री साय ने स्पष्ट किया कि राजस्व विभाग का सीधा संबंध आम जनता से है,अतः मैदानी अमले की लापरवाही शासन की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने और सभी आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालय का संचालन सप्ताह में न्यूनतम दो दिन अनिवार्य रूप से किया जाए और दो पेशी में ही प्रकरणों का निराकरण हो। अति आवश्यक परिस्थितियों को छोड़कर पेशी की तिथि बढ़ाने से बचा जाए।

> शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप ही जमीन की खरीदी-बिक्री सुनिश्चित की जाए। राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण कर भू-धारकों को शीघ्र राहत प्रदान करें। आम नागरिकों को न्याय और सुविधा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।÷
> **राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा**

## रेलवे के मुख्य अभियंता समेत चार लोग रिश्वतकांड में गिरफ्तार

#### सीबीआई का बड़ा एक्शन




**रायपुर,26 अप्रैल 2025 (ए)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के मुख्य अभियंता (आई आर एसई 2000) सहित चार लोगों को 32 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अन्य लोगों में अधिकारी के एक पारिवारिक सदस्य, एक निजी कंपनी के प्रबंध निदेशक और उक्त कंपनी का एक कर्मचारी शामिल हैं। यह कार्रवाई रेलवे ठेकेदारों और अधिकारियों के बीच भ्रष्टाचार के नेटवर्क को तोड़ने के बाद की गई। सीबीआई ने मुख्य अभियंता,निजी कंपनी, इसके प्रबंध निदेशक और कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## भीषण गर्मी में बढ़ी बिजली की रिकॉर्ड तोड़ मांग

#### बाजार से महंगी बिजली खरीद रहा विभाग

**रायपुर,26 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में पड़ रही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच बिजली की मांग में अप्रत्याशित इजाफा दर्ज किया गया है, लेकिन इसके बावजूद आम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल रही है। यह स्थिति सरकार की सक्रिय रणनीति और बिजली कंपनियों की तत्परता का नतीजा है। अप्रैल में ही बिजली की मांग 7,006 मेगावाट तक पहुंच गई, जो पिछले साल मई की तुलना में करीब 10त्न अधिक है। पिछले पंद्रह दिनों में राज्य के केंद्रीकृत कॉल सेंटर पर 1.56 लाख शिकायतें दर्ज की गई,जो कुल उपभोक्ताओं का छोटा हिस्सा है। इन सभी शिकायतों का तेजी से निपटारा किया गया। बिजली कंपनी ने हाई प्राइस डे अहेड मार्केट से महंगी दरों पर बिजली खरीद कर भी सुनिश्चित किया कि आम जनता को तय दर पर ही बिजली मिलती रहे। राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने 'वन नेशन, वन ग्रिड' व्यवस्था के तहत पूरे देश से बिजली खरीदने की प्रणाली में दक्षता के साथ भाग लिया। हर 15 मिनट के स्लॉट में दरें तय होती हैं और छत्तीसगढ़ ने मांग के अनुसार समय पर बिजली खरीद सुनिश्चित की। शाम के पीक समय में मांग 7,000 मेगावाट तक पहुंच जाती है,जिसे पूरा करने के लिए लगभग 800 मेगावाट बिजली ओपन मार्केट से खरीदी जा रही है कुछ बार ₹14.50 प्रति यूनिट तक की कीमत पर। छत्तीसगढ़ की उत्पादन क्षमता 2,978.7 मेगावाट है, और केंद्रीय हिस्सेदारी से 3,380 मेगावाट मिलते हैं। दिन में सौर ऊर्जा से 700 मेगावाट तक की बिजली मिलती है, लेकिन शाम होते ही यह विकल्प कम हो जाता है। यही कारण है कि पीक आवर में बाजार से बिजली खरीदना ज़रूरी हो जाता है।



## फॉरेंसिक साइंस जांच हुआ छत्तीसगढ़ में अनिवार्य

**रायपुर,26 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने आज एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 176(3) के तहत सात वर्ष से अधिक सजा वाले प्रकरणों में अनिवार्य रूप से फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट द्वारा जांच की जाएगी। ऐसे मामलों में फॉरेंसिक साइंस विशेषज्ञों की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए,रायपुर में राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय का एक नया कैंपस शुरू किया गया है। डिप्टी सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्रेरणा से यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। जब तक नया भवन बनकर तैयार नहीं हो जाता, तब तक गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर के परिसर से कैंपस का संचालन किया जाएगा। डिप्टी सीएम ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 18 मार्च 2025 से प्रारंभ हो चुकी है और आवेदन भरने की अंतिम तिथि 5 मई 2025 है. प्रवेश के लिए एग्जाम 7 और 8 जून 2025 को आयोजित होगा, तथा परिणाम 23 जून 2025 को घोषित किया जाएगा. यह परीक्षा राष्ट्रीय स्तर की होगी, लेकिन मेरिट सूची राज्य स्तर पर तैयार की जाएगी, जिससे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए बड़ी संभावनाएं हैं।

## बिलासपुर रेलवे में बड़ा टेंडर दिलाने मांगी 32 लाख की रिश्वत

**सीबीआई ने अधिकारी को पकड़ने ऐसे बनाया प्लान,रंगे हाथ धारा गया अफसर**

**बिलासपुर,26 अप्रैल 2025 (ए)।** चीफ इंजीनियर ने रेलवे के करोड़ों रुपये के ठेके झाझरिया कंपनी को दिलाने के बदले 32 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। विशाल आनंद और सुशील झाझरिया के बीच हुई मुलाकात में यह सौदा तय हुआ था। चीफ इंजीनियर ने खुद पैसे लेने की बजाय अपने भाई कुणाल को रांची में रिश्वत लेने भेजा।

बिलासपुर में रेलवे के चीफ इंजीनियर विशाल आनंद को सीबीआई ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। उनके साथ ही इस मामले में उनके भाई कुणाल आनंद, झाझरिया निर्माण लिमिटेड के एमडी सुशील झाझरिया और कंपनी के कर्मचारी मनोज पाठक को भी हिरासत में लिया गया है।

#### डिजिटल डेटा जब्त किया

जैसे ही कर्मचारी मनोज पाठक ने कुणाल आनंद को 32 लाख रुपये दिए। सीबीआई की टीम ने छापा मारकर दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। बरामद रकम कुणाल के कब्जे से मिली। आगे की कार्रवाई में सीबीआई की टीम ने बिलासपुर स्थित झाझरिया निर्माण लिमिटेड के दफ्तर में छापा मारकर जरूरी




दस्तावेज, फाइलें और डिजिटल डेटा जब्त किया है। बताया जा रहा है कि इस कंपनी को बीते वर्षों में रेलवे के कई बड़े प्रोजेक्ट मिले हैं, जिनमें अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। सीबीआई की पूछताछ और जांच जारी है।




### तेंदूपत्ता बोनस घोटाले में अफसर अशोक पटेल को मिली 14 दिन की न्यायिक रिमांड

**रायपुर ,26 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता बोनस घोटाले के मामले में एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। ईओडब्लू (आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा) की विशेष अदालत ने आईएफएस अफसर अशोक पटेल को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। अशोक पटेल को इससे पहले ईओडब्लू ने पूछताछ के लिए दो बार रिमांड पर लिया था। गौरतलब है कि अशोक पटेल पर लगभग 6 करोड़ रुपये के तेंदूपत्ता बोनस घोटाले में शामिल होने का आरोप है।

## भारतमाला प्रोजेक्ट में गड़बड़ी मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों को कोर्ट में किया गया पेश



#### 7 दिन की मिली रिमांड

**रायपुर,26 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत भूमि अधिग्रहण में सामने आई गड़बड़ी के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण विभाग (EOW) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपी हरमीत खनूजा, उमा तिवारी, केदार तिवारी और विजय जैन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को रायपुर स्थित ACB/EOW की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने चारों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। अब EOW की टीम आरोपियों से पूछताछ कर मामले से जुड़ी और भी महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाने की कोशिस करेंगी।

## 421 करोड़ के घोटाले में 6 आरोपियों के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने दाखिल की 18 हजार पन्नों की चार्जशीट

**रायपुर ,26 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड से जुड़े 421 करोड़ रुपए के घोटाले की जांच कर रही आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने शनिवार को विशेष अदालत में 18 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। इस चार्जशीट में अब तक गिरफ्तार किए गए सभी 6 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। सभी आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। चार्जशीट में जिन 6 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं, उनमें CGMSC के तत्कालीन प्रभारी महाप्रबंधक बसंत कुमार कौशिक, बायो मेडिकल इंजीनियर छिरोद रौतिया,उपप्रबंधक कमलकांत पाटनवार,डॉ. अनिल परसाई, मेडिकल इंजीनियर दीपक कुमार बंधे और मोक्षित कॉर्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा शामिल हैं।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)